भाद्रपद कृष्ण पक्ष-13, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 147 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
11 नवम्बर 2023 शनिवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
32 अधिकतम
19 न्यूनतम


रूप चौदस आज




## आम आदमी पार्टी को नहीं मिले राजस्थान में उम्मीदवार

**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान के सत्ता संग्राम में अब तस्वीर साफ है। यहां दो सौ विधानसभा सीटों पर 1875 उम्मीदवार अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।




चुनाव लड़ने के लिए 3432 नामांकन भरे गए थे। कुछ प्रत्याशियों ने एक से ज्यादा नामांकन भी भरे थे। चुनाव आयोग ने जांच के बाद 396 नामांकन रद्द कर दिए, जबकि 490 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिए। अब 25 नवंबर को मतदान के बाद 1875 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम मशीन में कैद होगी। मगर खास बात यह है कि सभी 200 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी ( आप ) को उम्मीदवार नहीं मिले, वह महज 58 सीटों पर ही प्रत्याशी उतार सकी है। यहां मुख्य मुकाबला सत्तारूढ कांग्रेस और भाजपा के बीच है।

## ईपीएफ के 7 करोड़ खातों में डाली ब्याज की राशि

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** त्योहारों के इस मौसम में करीब 7 करोड़ लोगों के लिए खुशखबरी आई है। दरअसल कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ खातों में ब्याज जमा करना शुरू कर दिया है।



इससे खाते में ब्याज क्रेडिट होते ही कुल अमाउंट बढ़ जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बतायागया है कि , %प्रक्रिया पाइपलाइन में है, जल्द ही ब्याज सभी खातों में जमा कर दिया जाएगा, केवल मेंबर्स धैर्य बनाए रखें%। सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ईपीएफ पर ब्याज की दर 8.15 फीसदी निर्धारित की है। यदि ईपीएफ मेंबर्स यह जानना चाहते हैं कि पीएफ खाते में किस महीने कितना पीएफ जमा हुआ? उसमें कंपनी का योगदान कितना है? तथा कुल राशि कितनी है? तो कई तरीके से चेक किया जा सकता है।

## अगले दो दिनों में गिरेगी पहाडों पर बर्फ,बदलेगा मौसम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू नहीं हो पाया है,जबकि इस बार नवंबर भी आधा बीतने को है। लेकिन अब उम्मीद बंधी है कि



सर्दी का दौर अगले सप्ताह शुरु हो जायेगा। दिल्ली में कल बारिश के बाद जहां लोगों को भारी प्रदूषण से राहत मिली है, वहीं दक्षिणी राज्यों में आज भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि आने वाले 2 दिनों में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हिमपात के साथ भारी बारिश हो सकती है। दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में 14 नवंबर से पूर्वी लहर के कारण बारिश शुरु हो सकती है।गौरतलब है कि बारिश के बाद 24 घंटे के भीतर दिल्ली के एयर क्वालिटी इंडेक्स में 158 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है।

### विस चुनाव 2023 : भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया

# मोदी-शिवराज की गारंटी पर भाजपा का 5 साल का संकल्प

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव के मतदान के छह दिन पहले आज सत्तारूढ भाजपा ने अपना घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' के नाम से पेश किया है। कांग्रेस ने पिछले महीने विजन डाक्यूमेंट जारी किया था। भाजपा ने पाँच साल के लिए अपने संकल्प पत्र को प्रधानमंत्री की गारंटी के मुताबिक तैयार किया है। खास बात यह कि संकल्प जारी करने के पहले भी भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की लंबी बैठक चली। भाजपा ने अगले पाँच साल तक देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन की योजना को जारी रखने के साथ ही 450 रुपए में ग़रीबों को गैस सिलेंडर जैसी कई योजना को इसमें शामिल किया है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल के समय में जो भी ऐलान किये हैं, उनको भी इसमें समाहित किया गया है । लाड़ली बहन योजना को गेम चेंजर घोषणा के बतौर पेश करते हुए इसमें मिलने वाले लाभ को 3 हज़ार रुपए महीने तक पहुँचाने का वादा किया गया है।

आज संकल्पपत्र जारी करने के लिये पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा का काफी देर इंतजार हुआ। इस मौके पर मुख्यमंत्री चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव,नरेंद्र सिंह तोमर, महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेन्द्र खटीक, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, नरोत्तम मिश्रा,आदि मौजूद थे।




### शाह आज फिर मैदान में लौटे

वहीं केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज फिर मप्र के चुनाव प्रचार में लौटे हैं। वे तीन चार दिन से दौरे पर नहीं आये थे। वे आज धार एवं इंदौर जिलों के प्रवास पर हैं तथा चार जनसभाएं और 1 रथसभा को संबोधित कर रहे हैं। उनकी पहली सभा धार जिले की मनावर में है फिर वे गंधवानी, बदनाव व इंदौर जिले की देपालपुर सीट पर सभा को संबोधित करेंगे।

### किसानों, युवाओं, महिलाओं का ख्याल

भाजपा हर भूमिहीन परिवार को भूखंड और आवास देने के अलावा कांग्रेस की पढ़ो-पढ़ाओ योजना के जवाब बेटियों के लिए केजी से पीजी ( स्नातकोत्तर ) तक मुफ्त शिक्षा देने के वादे से करने की कोशिश में है। किसान कर्जमाफी के जवाब में किसानों को प्रति हेक्टेयर फसल पर एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता, मोटे अनाज का समर्थन मूल्य, फल-फूल और औषधीय खेती पर विशेष प्रोत्साहन पैकेज सहित किसानों की समृद्धि के लिए किसान कल्याण आयोग का गठन जैसे उसके कई संकल्प भी हैं। नारी सशक्तीकरण के वादे भी हैं।

### योगी को संबोधित कर लिखा सुसाइड नोट

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने आत्महत्या की, दोषियों को आसाराम जैसी सजा मांगी

**आगरा , एजेंसी।**

प्रजापति ब्रह्माकुमारी आश्रम में रहने वाली दो सगी बहनों ने फांसी लगाकर जान दे दी है,इसके बाद उनके सुसाइड नोट से हंगामा मचा हुआ है। तीन पेज के सुसाइड नोट में उन्होंने आत्महत्या के लिए संस्था के 4 लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। दोनों बहनों ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को लिखा है कि 'योगीजी इन आरोपियों को आसाराम बापू की तरह उम्रकैद की सजा दिलाना। मृतक बहनों ने सुसाइड नोट में चारों आरोपियों पर पैसे हड़पने के साथ-साथ अनैतिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप भी लगाए हैं। पुलिस के मुताबिक चारों आरोपी आगरा से बाहर के हैं,दो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बताया जाता है कि एकता और शिखा





नामक इन बहनों ने 8 साल पहले ब्रह्माकुमारी की दीक्षा ली थी। दीक्षा के बाद उनके परिवार ने जगनेर में ब्रह्माकुमारी केंद्र बनवा दिया था, जिसमें दोनों रह रही थीं। शिखा ( 32 ) ने एक पेज का सुसाइड नोट लिखा है, जबकि एकता ( 38 ) ने दो पेज का सुसाइड नोट लिखा है।




# क्या मैं सबका दूल्हाभाई...भाजपा ने कार्टून जारी किया तो भड़के औवेसी

**हैदराबाद , एजेंसी।**

तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में सरगर्मी के बीच भाजपा के एक कथित कार्टून पोस्टर को लेकर राजनीति गरमा गई है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा को निशाने पर लिया और कहा, 'बीजेपी ने अपने एक कार्टून में बीआरएस और कांग्रेस की शादी करवाने के लिए मुझे काजी बता दिया, मैं कहां काजी बना सकता हूं लेकिन, अगर काजी बन गया तो बहुत सख्त फैसले लूंगा।' उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला और अल्पसंख्यकों के लिए घोषणा पत्र को छलावा बताया है। दरअसल तेलंगाना में 30 नवंबर को वोटिंग है बीआरएस, बीजेपी और कांग्रेस में चुनावी मुकाबला है। चुनाव प्रचार में बीजेपी लगातार कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम पर हमलावर है. बीजेपी ने 8 नवंबर को इंस्टाग्राम पर यह पोस्टर शेयर किया है। ओबेसी ने कहा- कांग्रेस कहती है




कि मैं बीजेपी से मिला हुआ हूं अरे भाई, क्या मैं सबका दूल्हा भाई हूं। सबका भाईजान हूं क्या? भाजपा ने एक कार्टून बनाया है। कार्टून में मुझे एक काजी बना दिया. उसमें दिखाया गया कि मैं कांग्रेस और बीआरएस की शादी करवा रहा हूं।

### महुआ ने भी कार्टन के जरिए कसा तंज

**नई दिल्ली ।** 'कैश फॉर क्वेरी' के आरोपों का सामना कर रहीं तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने एक बार फिर लोकसभा



की आचार समिति से अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। दरअसल आरोपों की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट अध्यक्ष को सौंप दी है। 'कैश फॉर क्वेरी' के आरोपों का सामना कर रहीं तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने र फिर लोकसभा की आचार समिति से अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है।अपने 'एक्स' अकाउंट पर एक कार्टून पोस्ट किया, जिसमें लिखा था, जब तक आप दूसरी तरफ न हों, नैतिकता बनाए रखें। ओवैसी ने कहा, बीजेपी कहती है कि मैं कांग्रेस से मिला हुआ हूं।





## भोपाल समेत संभाग में खूब हुई खरीदारी

# धनतेरस पर 1200 करोड़ के कारोबार का अनुमान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**राजधानी भोपाल समेत संभाग में धनतेरस पर जमकर खरीदी हुई है। एक अनुमान के मुताबिक करीब 1200 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। सबसे अधिक जोर वाहन खरीदी और उसके बाद सोना-चांदी के आभूषणों की खरीदी पर रहा है।**



वाहन और सोना-चांदी के आभूषण खरीदी पर ज्यादा जोर रहा

कोरोना महामारी के बाद पहली बार धनतेरस पर बाजारों में बड़ी संख्या में ग्राहक देखे गए है। यह हाल अकेले भोपाल का ही नहीं है, बल्कि समूचे मप्र के शहरों में यही स्थिति देखी गई।

अच्छा कारोबार होने से व्यापारियों में खुशी का माहौल है। हालांकि खरीदी का यह सिलसिला दीपावली तक जारी रहेगा। लोग धनतेरस और दीपावली के दौरान खरीदी को शुभ मानते हैं।



### यह खरीदी पर रहा लोगों का जोर

न्यू मार्केट, पुराने भोपाल, 10 नंबर समेत शहर के विभिन्न बाजारों में शुक्रवार रात 12 बजे तक ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। दुकानों, शोरूम व शापिंग माल में खरीदारी करने के लिए ग्राहकों को इंतजार करना पड़ा। उमड़े खरीदारी, बर्तन, सराफा, आटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकक्स, इलेक्ट्रिकल्स, कपड़ा, पटाखा का कारोबार दमक उठा। सामान्य दिनों में 100 में से 25 से 30 प्रतिशत होने वाला कारोबार में तेजी से उछाल आया। धनतेरस पर सबसे अधिक बर्तन, सराफा, आटोमोबाइल का कारोबार अधिक हुआ। इसके बाद कपड़ा, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिकल्स, किराना, सजावटी वस्तुओं का कारोबार भी अच्छा हुआ।



### बर्तन के कारोबारी भी खुश

बर्तन के कारोबारी खुश है। चूंकि धनतेरस पर बर्तन का कारोबार अच्छा रहा है। शुक्रवार को शहर में जगह-जगह बर्तनों की दुकानें लगी थीं, इन सभी दुकानों पर भीड़ देखी गई।

### मोबाइल से लेकर घरेलू उपयोग की सामग्री भी खरीदी

लोगों ने मोबाइल से लेकर घरेलू सामान की खरीदी भी की। जिसके कारण मोबाइल दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ देखी गई है तो वहीं फ्रिज, टीवी जैसी घरेलू सामग्री की भी खरीदारी हुई है।

### मकान, दुकान खरीदी पर भी रहा जोर

धनतेरस जैसे मौके पर मकान, दुकान खरीदी को भी शुभ माना जाता है। यही वजह रही कि धनतेरस पर लोगों ने मकान, दुकान भी खरीदी। किसने पहले से बुकिंग की थी तो कई लोग बैंक के चेक लेकर बिल्डर, कालोनाइजर के पास मकान, प्लाट, दुकान की खरीदने के लिए पहुंचे।

# बदलाव : बीयू में नहीं करना होगा प्रोविजनल डिग्री के लिए अलग से आवेदन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कॉलेज विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के दो विश्वविद्यालयों ने अब पाठ्यक्रम व्यवस्था में बदलाव किया है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने की तैयारी में जुटा है। अब विद्यार्थियों को प्रोविजनल डिग्री के लिए अलग से आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि अंकसूची के साथ ही विद्यार्थियों को डिग्री भी प्राप्त हो जाएगी। वहीं मप्र भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय द्वारा इस सत्र से पाठ्यक्रमों में ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। इसमें छात्र-छात्राओं की मार्कशीट पर अंक और श्रेणी की जगह ग्रेड प्वाइंट दिए जाएंगे। विवि में क्रेडिट सिस्टम लागू होता है तो डिग्री लेने वाले विद्यार्थियों को लाभ होगा। यह विद्यार्थी विदेशों में भी डिग्री का उपयोग कर सकेंगे।

### भोज विवि में ग्रेडिंग सिस्टम शुरू होगा




**मार्कशीट पर अंक, श्रेणी की जगह मिलेंगे ग्रेड प्वाइंट :** भोज विवि के अधिकारियों के अनुसार, एनईपी के तहत अब छात्र-छात्राएं दो डिग्री एक साथ ले सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 11 नए सर्टिफिकेट कोर्स भी विवि में शुरू किए गए हैं। इसमें सीएचआर मानव अधिकार प्रमाणपत्र, सीआरडी ग्रामीण विकास प्रमाण पत्र, डीवीए व्यापार प्रबंधन सहित अन्य शामिल हैं। बता दें कि भोज विवि में फिलहाल 150 से अधिक कोर्स संचालित हैं।

# बीयू: पीजी की परीक्षा जनवरी तक, नहीं हुए प्रैक्टिकल

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं अब जनवरी में ही हो पाएगी। बीयू में पीजी कोर्स की 20 अक्टूबर से शुरू हो जाने वाली प्रैक्टिकल परीक्षाएं अब तक नहीं हो सकी हैं, क्योंकि प्रथम सेमेस्टर में 14 अक्टूबर तक प्रवेश दिए गए। हालत यह है कि पीजी प्रथम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स के इनरोलमेंट भी नहीं हुए हैं। वहीं दोनों सेमेस्टर की परीक्षा एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार 22 नवंबर से शुरू होनी है। इससे पहले 9 से 14 नवंबर तक दीपावली के अवकाश हैं, 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव की वोटिंग हैं। ऐसे में परीक्षा शुरू होने में 8 कार्यदिवस ही शेष है। इसलिए पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी में ही संभव हैं।

### 21 नवंबर तक पीजी के परीक्षा फॉर्म

बीयू के पीजी थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 21 नवंबर है। इस दौरान एमए, एमकॉम, एमएससी, एमएससी होमसाइंस, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमए यौगिक साइंस कोर्सेस के नियमित छात्रों के अलावा स्वाध्यायी के फॉर्म जमा होंगे। लेट फीस के साथ आवेदन करने की आखिरी तारीख 23 नवंबर है। नियमित छात्रों की परीक्षा फीस 1330 रुपए और स्वाध्यायी छात्रों की फीस 1580 रुपए है।



# शावकों के साथ भोपाल के नजदीक घूम रही बाघिन टी- 123

**भोपाल।** बाघिन टी-123 को भोपाल के नजदीक जंगलों में घूमते देखा जा रहा है। वह अपने शावकों के साथ देखी जा रही है। इस बात के प्रमाण कुछ दिन पहले ही केरवा के जंगल में लगे ट्रैप कैमरे में भी कैद हुए हैं। यहां बाघिन अपने शावकों के साथ पानी पीने आई थी, जो ट्रैप कैमरे में कैद हो गई।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उक्त् बाघिन ने भोपाल के जंगल को अपना क्षेत्र बना लिया है। वह एक मात्र ऐसी बाघिन है जो बीते पांच वर्षों से लगातार इसी क्षेत्र में घूम रही है, तीसरी बार मां बन चुकी है। उसके शावक भोपाल से लेकर रातापानी वन्यजीव अभयारण्य तक घूम रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघिर के मूवमेंट पर नजर रखे हुए हैं।

### ट्रैप कैमरे में हुई कैद, अठखेलिया करते दिखे शावक

# महानगर सहकारी बैंक में हुई मां लक्ष्मी की पूजा



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

महानगर नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, बैरागढ़, भोपाल में आज धनतेरस पर लक्ष्मी पूजा का आयोजन किया गया।

बैंक अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष मध्यप्रदेश आवास संघ सुशील वासवानी ने बैंक में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर बैंक के समस्त ग्राहक और अंशधारी सदस्य सम्पन्न रहने और अपने व्यवसाय में प्रगति की कामना की। वासवानी ने कहा कि बैंक की जल्द ही एक ओर नवीन शाखा और एटीएम का भी विस्तार प्रस्तावित है। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालक प्रकाश आसूदानी , नरेन्द्र लालवानी, महेश खटवानी, ईश्वर चेलानी एवं बैंक के स्टाफ सदस्य और गणमान्य नागरिकों के साथ ग्राहक उपस्थित रहे।

# केवी-1 में हुआ स्पोर्ट्स-डे का आयोजन, फाइनल में पहुंचे 200 बच्चे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के केंद्रीय विद्यालय-1 (केवी-1) में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में लांग जंप, शॉर्ट जंप, गोला फेंक सहित अन्य प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। इनमें 750 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया। इसमें से 200 बच्चे फाइनल के लिए सिलेक्ट हुए हैं। इनमें से 18 बच्चों ने पहला, 18 ने दूसरा और 18 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।आयोजित स्पर्धा में प्रत्येक कक्षा के छात्रों को क्वालीफाइंग मैच खिलाया गया। इसमें क्वालीफाई होने वाले छात्रों को मुख्य प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। स्कूल के शिक्षक डॉ. कपिल कुमार भार्गव ने बताया कि सभी 750 विद्यार्थियों ने किसी न किसी ईवेंट में भाग लिया।

# मप्र राज्य सूचना आयोग ने दिए प्रदेश के डीजीपी को निर्देश

**भोपाल।** मप्र राज्य सूचना आयुक्त ने प्रदेश के डीजीपी को निर्देशित किया है कि सभी थानों में लगे सीसीटीवी फुटेज के लिए आरटीआई आवेदन दायर होते ही उक्त सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वही थानों में सीसीटीवी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों के उल्लंघन पर सूचना आयुक्त ने चिंता जताई है। यह महत्वपूर्ण मप्र राज्य सूचना आयुक्त आदेश राहुल सिंह ने राज्य के थानों में लगे सीसीटीवी को लेकर पारित किया है।

**यह है पूरा मामला :** दरअसल शिवपुरी में एक युवक शिशुपाल जाटव ने अक्टूबर 2021 मे थाने में लगी सीसीटीवी फुटेज की जानकारी आरटीआई में मांगी थी। लोग सूचना अधिकारी एडिशनल एसपी ने शिशुपाल को लिखित में सूचित किया गया कि सीसीटीवी फुटेज नहीं दिया जा सकता है क्योंकि 15 दिन की अवधि में ऑटोमेटेकली फुटेज नष्ट हो गए है।

# सबनानी का प्रचार किया रामेश्वर ने, जीत की अग्रिम बधाई दी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर बीजेपी प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा ने दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी भगवान दास सबनानी के लिए प्रचार किया, दोनों एक-दूसरे की जीत की अग्रिम बधाई दी



सबनानी शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा के पत्रकार कॉलोनी स्थित निवास पहुँचे जहां उनका विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्त्व में स्थानीय नागरिकों, भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनन्दन किया गया। रामेश्वर शर्मा की पत्नी संगीता शर्मा ने सबनानी का विजय तिलक किया एवं शर्मा ने भगवा अंग वस्त्र उढ़ाकर जीत की अग्रिम शुभकामनाएँ दी। इसके बाद शर्मा ने सबनानी के साथ जनसंपर्क किया।

**मेट्रो एंकर** — दीपोत्सव पर सामाजिक संस्थाओं ने बच्चों के बीच दीपावली मनाई

# दीपोत्सव.. मातृभूमि ने सेवा बस्ती में बच्चों के साथ मनाया पर्व

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर में दीपोत्सव पर सामाजिक संस्थाओं ने बच्चों के बीच दीपावली मनाई। दीपावली के लिए सामग्री भेंट की।

संस्था मातृभूमि ने हर घर उजियारा हो इसी संकल्प के साथ दीपावली पर सेवा कार्य किए। अध्यक्ष राहुल राजपूत के नेतृत्व में इंद्रा नगर स्थित सेवा बस्ती में सेवा भारती के बच्चों को दीप सामग्री दी गई। राजपूत ने कहा कि दीपावली पर हम अपने घर में तो उजियारा करते हैं लेकिन हमें जिनके घर में अंधेरा है उनके यहाँ भी उजियारा हो यह संकल्प हम सबको लेना चाहिए, इसी संकल्प को पूरा करते हुए बच्चों के बीच दीपावली मनाई है।



बजरंग सेना समिति ने संतनगर की विभिन्न बस्तियों में संचालित निःशुल्क शिक्षा पाठशालाओं में मुस्कान सोशल वेल्फेयर सोसायटी द्वारा दीपावली की पूर्वसंध्या पर 150 से अधिक बच्चों को हेप्पी किट्स भेंट की, संस्था के के अध्यक्ष कमलेश देवानी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सेवासदन में दीपावली पर 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं


**हिरदाराम नगर.** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में 12 से 14 नवम्बर 2023 तक 24 घंटे नेत्र सुरक्षा के लिए इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015 से 2022 तक के दीपोत्सव पर्व पर भोपाल तथा आसपास के इलाकों से आतिशबाजी से बड़ी संख्या में चोटिल व्यक्ति उपचार के लिये अस्पताल आये थे । सेवासदन बीते आठ वर्षों में आतिशबाजी से घायल लोगों के उपचार की विशेष व्यवस्थाएं करने के साथ-साथ सभी घायलों की आखों और उनको दृष्टि क्षति से बचा लिया गया था। इस वर्ष भी उसी प्रकार की नेत्र सुरक्षा सेवाएं देने के लिये रात्रि काल में भी चिकित्सा अमले और डॉक्टर की तैनाती की गई है । सेवा सदन की मेडीकल डायरेक्टर डॉ प्रेरणा उपाध्याय ने पटाखे जलाते समय सुरक्षा के समुचित उपाय सुनिश्चित करने का सुझाव दिया है। सेवासदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धभाऊजी ने सभी को दीपोत्सव की बधाई दी है।

चुनाव 2023 चेहरा एक अदद

# अपरंपरागत अंदाज-ए-सियासत में गुंथी हुई भाजपा की रवायत

▮आशीष दुबे

**'ये तो चेहरे का फक़त अक्स है, तस्वीर नहीं..इस पर कुछ रंग अभी और चढ़ाते रहिए' मप्र के विधानसभा चुनाव में रोज उभरने वाले कुछ खास व गाढ़े चित्रों के पीछे ऐसे सियासी चित्रकारों की कूची भी काम करती है, जो चित्रों के रंगों को चटख बनाती है। सत्ता में जमी भाजपा हो या सत्ता पाने को बेताब कांग्रेस, दोनों शिविरों में चुनिंदा ऐसे चेहरे हैं, जो सोते-जागते चुनावी कैनवास में रंग उड़ेल रहे हैं। कुछ मैदान में नजर आते हैं, कुछ वॉर रूम में। चेहरे के पीछे चेहरा तलाशने की कोशिश में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता व गृहमंत्री *नरोत्तम मिश्रा...***



पूरे सूबे में चुनावी शोर के बीच दतिया में सतह के ऊपर ही नहीं, नीचे भी हलचल हैं। यहां भाजपा सरकार के प्रवक्ता व मंत्री नरोत्तम मिश्रा ऐसे युध्द में मुब्तिला हैं, जो हर बार उन्हें नया तर्जुबा दे जाता है। मगर उनके सियासी युध्द का मोर्चा सिर्फ दतिया ही नहीं है...। नरोत्तम भाजपा में पिछले एक दशक में जितने तेजी से उभरे और पार्टी के लिए रणनीतिक, राजनीतिक जरूरतों व बड़े चेहरों को संकट से उबारने के लिए अपरिहार्य बने, वह भी एक 'घटना' ही है। हालांकि वे विधायक तो कांग्रेस की दिग्विजय सरकार के कार्यकाल से हैं यानि लगभग तीन दशक से। उनका उभार उनके कई समकालीनों को चौंकाता है, परेशान भी करता है लेकिन नरोत्तम का अंदाज-ए -सियासत अपने दल के लोगों के मुकाबले थोड़ा 'उन्मुक्त व अपरंपरागत' है। इसीलिये उनके पास भाजपा के *राजी-नाराजी* वाले चेहरे ही नहीं, कांग्रेस व अन्य दलों के बड़े नेताओं की भी आमदरफ्त बनी रहती है। खुद सीएम शिवराज भी उनके घर बताए-बिना बताए आते रहे हैं।

बहरहाल दतिया में अपनों-परायों से घिरे नरोत्तम ने दूसरे दलों में सेंध लगाकर भरपाई की हरचंद कोशिश की है। विधानसभा का यह चुनाव जितना मप्र में भाजपा के लिए महत्वपूर्ण व निर्णायक है, उतना ही खुद उनके लिए भी है। इस चुनाव के बाद 'दोनों ही सूरतों' में कई बदलाव तय माने जा रहे हैं। जो दूरगामी असर वाले होंगे। सियासत के अंदरखानों में नरोत्तम की सियासी हसरतों की कभी खूब चर्चा रही है, मगर उनकी जुबां पर कभी किसी ऐसे लफ्ज ने जगह नहीं ली, जो इसे व्यक्त करता हो। जबकि साढ़े तीन साल पहले 'कमलनाथ सरकार हादसे' वाले भाजपा के ऑपरेशन लोटस के सूत्रधारों में उन्हें भी गिना जाता है। उन्हें सीएम बतौर भी देखा गया था।

खास बात यह है कि वे भाजपा की हिंदू लाइन वाली रवायत में बीते कुछ अर्से से बिल्कुल मुफीद साबित हुए हैं। कुछेक उत्साही अपवादों को छोड़कर उनके बयानों ने देशभर में चर्चा हासिल की है व भाजपा को फायदा भी पहुंचाया। भाजपा के 'अगड़े फेस' के तौर पर उनका उपयोग यूपी-कानपुर में ब्राह्णण समीकरण साधने के लिये भी किया गया। बहरहाल नरोत्तम भाजपा की मुख्यधारा की राजनीति में कुमार विश्वास की इन पंक्तियों में गुंथा चेहरा लगते हैं- *'न पाने की खुशी है कुछ, ना खोने का ही कुछ गम है, ये दौलत और शोहरत सिर्फ, कुछ ज़ख्मों का मरहम है, अजब सी कशमकश है, रोज़ जीने, रोज़ मरने में, मुक्कमल जिन्दगी तो है, मगर पूरी से कुछ कम है।'*

## विस चुनाव में पर्व के बीच प्रचार की हरचंद कोशिश में दोनो दल

# शिवराज ने सभाओं के बाद चौक पर खरीदारी के दौरान किया संपर्क









**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ समेत दोनों दलों के सभी प्रमुख नेताओं के दौरे तेज हो गये हैं। पूरे प्रदेश में हर दिन वरिष्ठ नेता ही रोज दर्जनभर सभा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री जनता के बीच संवाद कर रहें हैं। अष्टमी, महानवमी और विजयादशमी त्यौहारों के बाद धनतेरस पर्व पर भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में कोतमा, अनूपपुर, मण्डला, बैहर, बालाघाट, परसवाड़ा, वारासिवनी, कटंगी, सीहोरा, भोपाल उत्तर और भोपाल मध्य विधानसभा समेत लगातार 11 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर्व पर 300 से अधिक लाड़ली बहनों के साथ पुराने भोपाल के चौक बाजार पहुचकर धनतेरस की खरीददारी भी की। उन्होंने फुलझड़ी चलाई, भजन गीत गाए और सराफा में खरीददारी की। खरीददारी के समय मुख्यमंत्री का परिवार साथ था

**वहीं भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा** ने दतिया की चुनावी सभा में कहा कि यह चुनाव सिर्फ विधायक चुनने का चुनाव नहीं है। ये 2024 में होने वाले



लोकतंत्र के महायज्ञ के फाइनल से पहले सेमीफाइनल है। पार्टी की स्थापना सिर्फ सड़क, नाली जैसी सुविधाओं के लिए नहीं की गई। हमारी पार्टी की स्थापना भारतमाता को परमवैभव के शिखर पर पहुंचाने के लिए हुई है। इस सभा में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर ने भी लोगों को संबोधित किया। वहीं कमलनाथ ने हरसूद खंडवा की सभा में कहा कि अब मतदान में 6 दिन बचे हैं, भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। भाजपा लोगों के साथ मारपीट और अत्याचार कर रही हैं, यह हमारी सरकार में नहीं चलेगा। हमारी सरकार आने पर हम किसानों को सिंचाई के लिए 12 घंटे फ्री देने का काम करेंगे। हम महिलाओं को 1500 रूपये नारी सम्मान योजना के जरिए देंगे। भाजपा कि लोग अगर कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं को दबाने का प्रयास करेंगे तो उनका भी हिसाब किया जाएगा।

**उधर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस** ने बुरहानपुर में अर्चना चिटनिस के लिये प्रचार किया और कहा कि लोग कांग्रेस के नेताओं के झांसे में न आएं, कांग्रेस के नेताओं को वादे भूलने की आदत है। कांग्रेस नेता आए तो उनसे छत्तीसगढ़ और राजस्थान में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। 2018 में मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव से पहले सैकड़ों वादे किए हैं, लेकिन कोई भी वादा नहीं किया। फडणवीस ने कहा कि मैं और अर्चना ताई मिलकर ताप्ती मेगा रिचार्ज को मूर्त रूप देने का पूरा प्रयास करेंगे।









**राजधानी में चुनावी घमासान:** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी भगवान दास सबनानी ने मद्रासी कॉलोनी, शेड क्षेत्र, विकास स्कूल ,दुर्गा नगर ,बंगाली मोहल्ला ,अहिरवार मोहल्ला, पंचशील नगर ,ज्योतिबा फुले नगर, गौतम नगर ,श्याम नगर ,आदि क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि मैं एक विजन लेकर आया हूं दक्षिण पश्चिम की तस्वीर कैसी होनी चाहिए ,निश्चित रूप से आपके आशीर्वाद से एक मास्टर प्लान बनाकर इस विधानसभा का विकास करने में मैं कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। उधर गोविंदपुरा में भाजपा की कृष्णा गौर और कांग्रेस के रवि साहू और नरेला में भाजपा के विश्वास सारंग व कांग्रेस के मनोज शुक्ला ने सघन जनसंपर्क का दौर चला रखा है। सभी उम्मीदवार लोगों के बीच पहुंचकर समस्या व सुविधाओं की बात कर रहे हैं। हुजूर सीट पर भी भाजपा के रामेश्वरशर्मा व कोंस के नरेश ज्ञानचंदानी के बीच इलाकेवार जंग देखी जा रही है। शर्मा ग्रामीण क्षेत्रो में ज्यादा सक्रिय हैं, कोलार की बस्तियों में भी उनका प्रचार चल रहा है।

## भाजपा कार्यालय में धनतेरस पूजा



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ धनतेरस पूजन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा, प्रेम शुक्ला, अखिलेश जैन, राघवेन्द्र शर्मा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## सरकार पर 10 लाख करोड़ की गड़बड़ी के आरोप

मप्र कांग्रेस ने राज्य की शिवराज सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी 'गारंटी' दे रहे है, दूसरी तरफ मध्यप्रदेश में हुए अरबों रूपयों के घोटालों पर उनकी और गृह मंत्री अमित शाह की गारंटी कहां खो गई है? कांग्रेस मीडिया प्रमुख केके मिश्रा ने कई कथित घोटालों को गिनाते हुए करीब दस लाख करोड़ के घपले के आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि म.प्र.पहला राज्य है जहां विभिन्न घोटालों में राज्यपाल, मुख्यमंत्री पर एफआईआर हुई, मंत्री जेल गए, आईएएस और आइपीएस अफसरों पर भी विभिन्न किस्म के माफियाओं के साथ मिलकर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के एक आरोपी आजीविका मिशन के सीइओ एमएल बेलवाल मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव की कृपा के बाद भ्रष्टाचार को अंजाम दिए जा रहे थे, अब उनका इस्तीफा कमलनाथ सरकार आने का भय हीं । ऐसे कई भ्रष्टाचारियों का अब भावी मुख्यमंत्री कमलनाथ की चक्की में पिसना सुनिश्चित है। मिश्रा ने इंदौर का पेंशन कांड, पोषण आहर घोटाला, , व्यापम, एमएचएम पेपर लीक मिड डे मील 0 सर्वशिक्षा अभियान घोटाला जैसे कई मामले गिनाते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाये ।

## इलेक्शन डायरी

■ राजेश सिरोठिया

### ■ मालवा में किला लड़ाते कैलाश विजयवर्गीय

भाजपा हाईकमान की मंशा के मुताबिक भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय न सिर्फ इंदौर क्षेत्र क्रमांक 1 से कांग्रेस के दिग्गज विधायक संजय शुक्ला के खिलाफ खुद मैदान में जुटे हैं, बल्कि मालवा की दूसरी फंसी सीटों पर भी भाजपा की नैया पार करने के लिए जमीन आसमान एक कर रहे हैं। इंदौर की क्षेत्र क्रमांक 2 की सीट पर उनके भरोसेमंद रमेश मेंदोला की जीत तो पक्की मानी जा रही है। लेकिन बेटे आकाश ने क्षेत्र क्रमांक 3 की जो सीट उनके प्रबल समर्थक और कांग्रेस विधायक संजयशुक्ला के चचेरे भाई गोलू शुक्ला को दिलाई है, उस पर जीत का सिलसिला कायम रखने के लिए खासी मशक्कत करना पड़ रही है। इंदौर की क्षेत्र क्रमांक 4 में भी कैलाश घूमे हैं लेकिन राऊ और देपालपुर में कांटे का मुकाबला है। भाजपा के बुजुर्ग नेता मधु वर्मा के तेवर कांग्रेस के युवा तुर्क जीतू पटवारी के सामने ढीले पड़ रहे हैं तो देपालपुर में पूर्व भाजपा विधायक मनोज पटैल अभी कांग्रेसी विधायक विशाल पटैल को कड़ी चुनौती पेश नहीं कर पा रहे हैं। रही बात सांवेर की तो तमाम अंर्तविरोधों के बावजूद तुसी सिलावट जीत की तरफ अग्रसर हैं तो मंत्री उषा ठाकुर के लिए कांग्रेस के बागी अंतर सिंह दरबार विजय की राह आसान कर दी है। कड़े मुकाबले में फंसे कैलाश विजयवर्गीय अपने इलाके को समर्थकों के भरोसे छोड़ शाजापुर, आगर, धार, मंदसौर, रतलाम और खरगौन में भाजपा प्रत्याशियों के लिए समर्थन में जुटे हैं। 66 सीटों वाले मालवा निमाड़ में 35 से ज्यादा सीटें भाजपा जीती तभी कैलाश की लाज बचेगी। मालवा में पार्टी की सीटें चालीस के पार पहुंचाने के लिए भाजपा संगठन ने भी बड़े नेताओं की फौज झोंकी है।



### ■ भोजपुर में पांव-पांव वाले बने कांग्रेस के राजकुमार

बीते पांच सालों में अधिकांश वक्त भोजपुर इलाके से नदारद रहे भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा को कांग्रेस के राजकुमार पटैल से अपनी जीत बरकरार रखने के लिए कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। किरार, मुस्लिम और दलित वोटों के भरोसे मैदान में उतरे राजकुमार पटैल ने पटवा के बिग शो के खिलाफ घर-घर जाकर जनसंपर्क करने की नीति पर काम कर रहे हैं। लंबी मुकदमेबाजी में उलझे पटवा की भोजपुर से गैरमौजूदगी भारी पड़ रही है तो भाजपा भी पूरी तरह से उनके साथ नहीं है। अगर मोटे तौर पर देखा जाए तो ओबेदुल्लागंज और गौहरगंज इलाके में पटैल प्रभावी दिख रहे हैं। मूल रूप से कांग्रेस के धाकड़ नेता सुरेश पचौरी के क्षेत्र में टिकट तो राजकुमार ने पा लिया है लेकिन जीत हासिल करने के लिए उनको मंडीदीप और सतलापुर के औद्योगिक इलाके के मजदूर वर्ग के समर्थन की दरकार होगी। मूल रूप से बाहर से आए इन मतदाताओं को पटवा के शिसंजे से बाहर निकालना इतना आसान भी नहीं हैं। पटवा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के रोड शो से लेकर भाजपा के सांसद और मूलत~बिहारी लोकायक मनोज तिवारी की सभा कराई हैं, लेकिन पटैल इस तामजाम से दूर सारी ताकत अपने भरोसे झोंक रहे हैं। सवाल यही है कि क्या पटैल यह चुनाव जीतकर कांग्रेस में अपने लंबे राजनीतिक वनवास को खत्म कर पाएंगे? क्या वह पचौरी के क्षेत्र में अपनी जीत का झंडा फहरा पाएंगे?




### ■ राहुल से ज्यादा प्रियंका की मांग

मध्यप्रदेश में यूं तो चुनाव प्रचार के लिए ज्यादा वक्त बचा नहीं हैं लेकिन कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच राहुल गांधी की सभाओं से ज्यादा प्रियंका गांधी की रैलियों की मांग ज्यादा आ रही है। कांगेसियों के बीच फीडबैक यही है कि प्रियंका गांधी राहुल के मुकाबले जनता के बीच ज्यादा प्रभाव छोड़ रही हैं? उनकी बात भी लोगों के गले ज्यादा उतर रही है। जहां भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से लेकर केंद्रीय नेताओं की फौज झोंक रखी है, वहीं कांग्रेस में प्रचार के लिए केंद्रीय नेताओं के विकल्प काफी सीमित हैं। इनमें से ज्यादातर कांग्रेसी नेता सभाओं के बजाए प्रेस कांफ्रेंस से काम चला रहे हैं। दिग्विजय सिंह भले ही प्रदेश कांग्रेस में प्रमुख भूमिका में हैं लेकिन उनकी सभाओं का दायरा सीमित है तो सूबे के कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भी दो तीन से ज्यादा सभाएं नहीं कर रहे हैं।

### ■ मध्यप्रदेश को जल्द समझ गए ओवेसी

हैदराबाद के प्रभावी मुस्लिम नेता असदउद्दीन ओबैसी जो बहुत जल्द समझ में आ गया है कि तैलंगाना, महाराष्ट्र और बिहार में तो उनका जोर चलता है लेकिन मध्यप्रदेश के मुस्लिमों का भरोसा उनकी पार्टी में कम ही है। भाजपा की बी टीम का आरोप झेलते ओवैसी ने पहले मप्र के 18 मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में से 15 पर अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया था, लेकिन बाद में उन्होंने अपने कदम पीछे खींच लिए। बताते हैं कि ओवैसी अब उन्हीं राज्यों पर अपनी पार्टी का ध्यान फोकस करेंगे जहां कांग्रेस के कमजोर होने के चलते मुसलमानों ने दूसरी क्षेत्रीय पार्टियों की तरफ रूख कर लिया है।

# यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री को भी हार का मुंह देखना पड़ा था, गृहमंत्री को दी थी निर्दलीय प्रत्याशी ने पटखनी




### ■ *रतलाम जिले की जावरा और रतलाम शहर सीट पर हुए हैं रोमांचक मुकाबले*

***भोपाल।*** *रतलाम जिले की पांच विधानसभा सीट पर इस बार के चुनाव में दिलचस्प सियासी समीकरण बन रहे हैं। जिले में कुल पांच विधासभा सीटें रतलाम, रतलाम ग्रामीण, सैलाना, जावरा और आलोट हैं। वैंसे तो इन सभी सीटों पर अब तक कई बार रोमांचक मुकाबले हुए हैं, लेकिन जावरा व रतलाम शहर सीट खास है, क्योंकि यहां पर तत्कालीन मुख्यमंत्री को भी हार का मुंह देखना पड़ा था, वहीं रतलाम शहर सीट पर तत्कालीन गृहमंत्री को निर्दलीय प्रत्याशी ने हराकर सभी को चैंका दिया था। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी की बुरी तरह जमानत जब्त हुई थी और पांच हजार मत भी प्राप्त नहीं हुए थे।*

### *डॉ. कैलाशनाथ काटजू को जनसंघ के पांडेय ने हराकर इतिहास रचा था*

***वर्ष*** *1957 से अस्तित्व में आई जावरा सीट पर अब तक 14 चुनाव हो चुके हैं। इस सीट पर हार-जीत का इतिहास रोचक रहा है। यह सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती हैं। 14 में से आठ चुनाव में कांग्रेस को सफलता मिली है। 1957 के पहले चुनाव में डॉ. कैलासनाथ काटजू विधायक चुने गए थे और मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 1962 में हुए चुनाव में मुख्यमंत्री रहते हुए डॉ. काटजू को जनसंघ के डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडेय ने हराकर इतिहास रचा था। इसके बाद 1967 व 1972 में मतदाताओं ने कांग्रेस का साथ देते हुए बंकटलाल तोंदी को विधायक चुना। 1977 में मतदाताओं ने जनता पार्टी के कोमलसिंह राठौर का साथ दिया। 1980 व 1985 में कांग्रेस के भारतसिंह, 1990 में भाजपा के रुघनाथसिंह आंजना, 1993 व 1998 में कांग्रेस के महेंद्रसिंह कालूखेड़ा, 2003 में भाजपा के डा. राजेंद्र पांडेय, 2008 में कांग्रेस के महेंद्रसिंह कालूखेड़ा और 2013, 2018 में भाजपा के डॉ. राजेंद्र पांडेय विधायक चुने गए।*

### *भाजपा को पटखनी देने वाले सकलेचा की भी जमानत जब्त हो गई थी*

***वर्ष*** *1957 से अस्तित्व में आई रतलाम शहर सीट पर अब तक 14 चुनाव हुए हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती हैं। मतदाताओं ने 14 चुनावों में से आठ बार भाजपा, चार बार कांग्रेस और दो बार निर्दलीय प्रत्याशी पर विश्वास जताया है। 2008 में इस सीट पर आठ बार चुनाव लड़कर छह बार सफलता का ताज पहनने वाले गृहमंत्री रहते हुए हिम्मत कोठारी को निर्दलीय प्रत्याशी पारस सकलेचा ने हराकर रिकार्ड बनाया था। तब कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद गुगालिया की जमानत जब्त हो गई थी, उन्हें पांच हजार वोट भी नहीं मिले थे। करारी शिकस्त के बाद 2013 में भाजपा ने चेहरा बदलकर चेतन्य काश्यप को मैदान में उतारा था। काश्यप ने न केवल जिले में भारी मतों से जीत दर्ज करवाई, अपितु 2008 में निर्दलीय रूप से भाजपा को पटखनी देने वाले सकलेचा की जमानत भी जब्त करवाई।*

## सुविचार

''आप में कितनी भी प्रतिभा क्यों न हो, प्रयास और अभ्यास के बिना सब व्यर्थ है!''

-अज्ञात

## संपादकीय

# नीति निर्माण में चूक से फैला जहर

इस समय दिल्ली की जहरीली होती हवा की बड़ी चर्चा व चिंता है। यह जरूरी भी है लेकिन हवा सिर्फ दिल्ली की ही जहरीली नहीं है बल्कि हमारे कई महानगरों व नगरों की समस्या भी है। दिल्ली में सरकार ने जो कदम उठाए हैं वो अवैज्ञानिक, अप्रमाणित और यहां तक कि कब के त्याग दिए गए उपाय माने जा रहे हैं। इसे देखकर सांस की तकलीफ महसूस कर रही दिल्ली हैरत में पड़ गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रजिस्टर्ड कैबों को दिल्ली में आने से रोकना, भले ही उनमें से अधिकांश सीएनजी पर चलते हों, प्रदूषण पर बहुत कम प्रभाव डालेंगे, लेकिन इससे कैब चालकों और यात्रियों दोनों को बड़ी असुविधा होगी। यह पीएम2.5 के स्तर को कम करने के लिए उतना ही अप्रभावी है जितना कि गलत तरीके से लागू की गई ऑड-ईवन स्कीम। पिछले साल भी निर्माण कार्य रोक दिया गया था, लेकिन इस प्रतिबंध में सरकारी मेगा प्रॉजेक्ट्स को शामिल नहीं किया गया था। हर वर्ष ठंड के दस्तक देते ही बेमन से बनाई गई नीति से निराशा होती है। मौसम के पैटर्न, हवा की गति और मानव गतिविधि के प्रभाव के आधार पर पूरे वर्ष के लिए योजना बनाई जा सकती है। लेकिन अक्सर लक्ष्यों के अनुरूप उचित साधनों पर विचार किए बिना नियम बनाए जाते हैं और सरकारें अक्सर नतीजों का अनुमान लगाने में विफल रहती हैं। इसके कई ज्वलंत उदाहरण भी हैं, मसलन 2020 में संपूर्ण लॉकडाउन का अचानक विस्तार करने के फैसले से शुरू हुई अभूतपूर्व प्रवासी संकट ऐसी ही एक घटना थी। सरकारों को अंदाजा ही नहीं था कि लॉकडाउन की घोषणा के बाद लाखों प्रवासी पैदल ही घर का रुख कर लेंगे। इसी वजह से उन्होंने इसके लिए कोई तैयार नहीं की थी। बाद में आंकड़ा मिला कि करीब 1.14 करोड़ प्रवासियों ने पैदल मार्च किया था। यह किसी नीति के अनचाहे नतीजों के सबसे दिल दहला देने वाली मिसालों में से एक था। इस तरह के नीति-निर्माण से लंबे समय तक चलने वाली आपदा के रूप में कई तरह की पाबंदियां हमारे मुंह बाए खड़ी हो जाती हैं। हालांकि यह स्पष्ट है कि पाबंदी केवल एक राज्य की अवैध शराब अर्थव्यवस्था को पनपने में मदद करता है और अधिक लोगों को मादक पदार्थों के सेवन की ओर धकेलता है, फिर भी बिहार जैसे राज्य इसे जारी रखते हैं। महाराष्ट्र में जब कोविड के लॉकडाउन के बाद शराब की दुकानें फिर से खुलीं, तो राज्य ने एक दिन में ?11 करोड़ का संग्रह किया। लेकिन पटना ने राजस्व भारी-भरकम स्रोत से मुंह मोड़ने का विकल्प चुना। इंटरनेट बंद करना ऐसी ही असफल नीति का एक और उदाहरण है जिसमें जनता को सार्वजनिक लाभ से वंचित करने से लोगों की बढ़ी लागतों का हिसाब भी नहीं दिया जाता है। 2012 और 2023 के बीच भारत में सरकारों ने 752 इंटरनेट शटडाउन का आदेश दिया, जो दुनिया में सबसे अधिक है। अर्थशास्त्रियों की नजर से कई निगेटिव एक्सटर्नलिटीज पैदा करने वाली ऐसी नीति की एकमात्र विशेषता, यह है कि लोग, चाहे वो प्रवासी हों या इंटरनेट यूजर या फिर यात्री, सबकी लागत बढ़ जाती है। लिहाजा कहा जा सकता है कि दिल्ली एनसीआर के कार्यालयों और घरों के बाहर धुंध की चादर हमारी धुंधले नीति निर्माण का ही आईना है और यदि इस तरह की नीतियों को बदला नहीं गया तथा समस्या को देखने व दूर करनें क तरीके नहीं बदले गये तो आने वाली पीढियों के लिये हम सिर्फ ऐसा ही प्रदूषित व जहरीला वातावरण ही छोडकर जाएंगे।

## कविता

### है साधा निशाना !



पार्टी पर अपनी ही।
है साधा निशाना।।
चाह रहे हैं लगता।
नया कुछ बताना।।
हो रहे गुमराह।
बस केवल विरोध।।
बेवजह बेमतलब।
हैं खुद ही अवरोध।।
देखते ये कितना।
आता ज्ञान काम।।
है भरी बस नफ़रत।
लेकर एक नाम।।
हो कैसे सुधार।
इस पर नहीं विचार।।
सोचते बस केवल।
बन जाए सरकार।।

- कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1208 ओत्तो वान विटल्सबाश को जर्मनी का राजा चुना गया।
- 1620 मई फूल कॉम्पैक्ट, प्लायमाउथ कॉलोनी का पहला शासी दस्तावेज, मई फूल यात्रियों में से 41 द्वारा हस्ताक्षरित किया गया था।
- 1675 जर्मन पॉलीमैथ गॉटफ्रेड लीबनिज ने पहली बार समारोह के ग्राफ के तहत क्षेत्र को खोजने के लिए अभिन्न कलन को नियोजित किया।
- 1724 लंदन में यूसुफ ब्लेक (उर्फ ब्ल्यूज़िन), हाईवेमेन को फांसी पर चढ़ाया गया।
- 1725 लंदन में जॉर्ज फ्राइडीरिक हैंडल के ओपेरा ÷टेमरलेनो÷ का प्रीमियर हुआ।
- 1745 चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट उर्फ बोनी प्रिंस चार्ली की सेना इंग्लैंड में घुसी।
- 1750 एफ.एच.सी. सोसायटी, जिसे फ्लैट हैट क्लब के नाम से भी जाना जाता है, वर्जीनिया के विलियमस्बर्ग, रैले टेवर्न में बनाया गया। यह पहला कॉलेज बिरादरी था।
- 1752 थेरेशियन मिशेलिटी अकादमी वियना में खोली गयी
- 1765 फ्रांस के एक रसायनशास्त्री तथा आधुनिक फोटोग्रैफ़ी के जनक नैस्फ़र नेपेस का जन्म हुआ। वे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने फ़ोटो खींचने में सफलता प्राप्त की।
- 1778 अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध-ब्रिटिश सेना और उनकी सेनाइलियों ने न्यूयॉर्क के एक किले और चेरी घाटी के गांव पर हमला किया, जिसमें 14 सैनिक और 30 नागरिक मारे गए।
- 1790 क्रायसांथेममों को चीन से इंग्लैंड में पेश किया गया।
- 1813 1812 के युद्ध-एक ब्रिटिश-कनाडाई बल ने क्रिसलर के फार्म की लड़ाई में एक अमेरिकी हमले को खारिज कर दिया, जिससे उत्तरार्द्ध को मॉन्ट्रियल पर कब्जा करने का अपना प्रयास छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।
- 1818 रॉबर्ट मॉरिसन द्वारा एंग्लो-चीनी कॉलेज मलक्का में (बाद में इसका नाम बदलकर यिंग वा कॉलेज) की स्थापना की गयी।
- 1836 चिली बोलीविया और पेरू पर युद्ध की घोषणा की।
- 1839 वर्जीनिया सैन्य संस्थान लेक्सिंगटन, वर्जीनिया में स्थापित किया गया।

# दीपावली: खुशहाली की रोशनी और दीप-दान की परंपरा

**मनुष्य बेहतरी की इच्छा के कारण घोर अमावस्या के अंधेरे पर विजय प्राप्त कर सुख-समृद्धि एवं ज्ञान का दीपक जलाना चाहता है। हर तरह की बुराई के अंधेरे को दूर करने के लिए और चतुर्दिक ज्ञान एवं समृद्धि का प्रकाश फैलाने के लिए मनुष्य अपनी ओर दीप जलाकर दीपावली मनाता है।**

विश्वनाथ त्रिपाठी

इस बार हम ऐसे समय में दिवाली मना रहे हैं, जब देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण के कारण लोगों का दम घुट रहा है। शिक्षण संस्थान बंद हो गए हैं। जबकि दिवाली का त्योहार भीतरी और बाहरी मलिनता को दूर कर ज्ञान और चेतना का दीपक जलाने का त्योहार है। चहुंओर खुशहाली की रोशनी फैलाने का पर्व है।

हमारे देश में जितने भी पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं, उनका प्रकृति और कृषि संस्कृति से बहुत गहरा संबंध है। दिवाली का त्योहार वर्षा के बाद आने वाली शरद ऋतु में मनाया जाता है। हमारे देश में वर्षा ऋतु का बहुत ज्यादा महत्व है, क्योंकि बारिश की बूंदें न केवल हमारे मन-प्राण को पुलकित करती हैं, बल्कि हमारे देश की समृद्धि एवं संपन्नता का बीजारोपण भी करती है। शरद ऋतु में हम जिन फसलों को घर लाते हैं, वे फसलें वर्षा ऋतु के दौरान ही लगाई जाती हैं। वर्षा ऋतु में हमारी धरती नाना प्रकार की संपत्ति व समृद्धि का गर्भधारण करती है। वर्षा ऋतु के उपरांत पृथ्वी वसुधा बन जाती है। और शरद ऋतु के आते ही वह धन-धान्य से हम सबको समृद्ध एवं संपन्न बनाती है।

शरद ऋतु में आकाश निर्मल हो जाता है, नदियों-तालाबों का जल निर्मल हो जाता है। वृक्ष-वनस्पतियां विभिन्न प्रकार के फल-फूलों से लद जाती हैं। कमल, कुमुद, हरसिंगार आदि विभिन्न प्रकार के फूलों से पृथ्वी महक उठती है। फलों से, गन्ने से, धान से समाज के हर वर्ग में संपन्नता का आगमन होता है। ऐसे ऋतु में मनुष्य स्वयं उदीप्त हो उठता है और जो कुछ है, उससे बेहतर करने की सोचने लगता है। इसी बेहतरी की इच्छा के कारण वह घोर अमावस्या के अंधेरे पर विजय प्राप्त कर सुख-समृद्धि एवं ज्ञान का दीपक जलाना चाहता है। हर तरह की बुराई के अंधेरे को दूर करने के लिए और चतुर्दिक ज्ञान एवं समृद्धि का प्रकाश फैलाने के लिए मनुष्य अपनी ओर से दीप जलाकर दीपावली मनाता है। हमारे यहां सदियों पुरानी देसी चिंतन की जो परंपरा है, उसमें हम प्राकृतिक स्थितियों और उनसे हमारे मन में जो भावनाएं उपजती हैं, उन्हें प्रतीकों में अभिव्यक्त करते हैं। और ये प्रतीक देवी-देवता के रूप में होते हैं। दीपावली के त्योहार में मुख्यतः महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है। इस महालक्ष्मी के तीन रूप हैं-लक्ष्मी, सरस्वती और काली। ये तीनों वस्तुतः आद्य शक्ति के रूप हैं। ये विभिन्न रूपों में विभिन्न कार्यों को संपन्न करती हैं। सरस्वती ज्ञान की उज्ज्वलता का प्रतीक हैं, लक्ष्मी धन-धान्य और समृद्धि का प्रतीक हैं, और काली संहार का प्रतीक हैं। भारतीय चिंतकों ने इन तीनों देवियों का रंग-रूप और कार्य भी अलग-अलग बताया है। सरस्वती का वर्ण श्वेत है, लक्ष्मी का वर्ण अरुण है और काली का वर्ण काला यानी श्याम है। ये तीनों क्रमशः ज्ञान, इच्छा और क्रिया का प्रतीक हैं। ये तीनों देवियां सृष्टि की गतिमानता में अपनी ओर से सहायता करती हैं। हमारे देश के मध्य भाग में दीपावली में लक्ष्मी की पूजा की जाती है, जबकि इसी दिन पश्चिम बंगाल में काली की पूजा की जाती है। काली संहार की देवी हैं, वह शक्ति स्वरूपा हैं। लेकिन अगर हम केवल शक्ति की उपासना ही करने लगें, तो उससे हमारी उन्नति का लक्ष्य पूरा नहीं होता। मानव जाति के विकास और उन्नति के लिए कल्याण भी जरूरी है। इसलिए शक्ति स्वरूपा काली यदि कल्याण के देवता शंकर के साथ मिलकर रहें, तभी मानव जाति का विकास हो सकता है। यदि हमारे पास केवल शक्ति हो और हम मानव कल्याण की कामना न करें, तो मानव जाति का विकास भला कैसे संभव हो सकता है! हम सबने एक पुराना चित्र देखा होगा, जिसमें काली कपाल मुद्रा धारण किए हुए हाथ में नरमुंड और खप्पर लिए शंकर के वक्ष पर नृत्य कर रही हैं। यह नृत्य विनाश का नृत्य है, सब कुछ समाप्त कर देने का नृत्य है। दीपावली के मौके पर ये सब बातें मैं इसलिए कर रहा हूं कि जिस प्रदूषण का जिक्र मैंने ऊपर किया है, वह प्रदूषण विनाश का प्रतीक बन गया है। और यह कितनी बड़ी विडंबना की बात है कि जिस समय हम दीपावली का उत्सव मना रहे हैं, उस समय प्रदूषण अपनी चरम अवस्था में है, मानो हवा में जहर घुल गया हो।



यह प्रदूषण इतना चरम है कि मानो पूरा वातावरण एक गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। गैस चैंबर का जिक्र करने से बहुत से लोगों के मन में नाजी शासक हिटलर की याद ताजा हो उठी होगी। हिटलर की याद आते ही मन इस आशंका से कांप उठता है कि कहीं यह प्रदूषण शंकर (कल्याण) विहीन शक्ति (संहार) का प्रतीक तो नहीं बनता जा रहा है!

मानव-निर्मित यह प्रदूषण अपने प्रभाव में इतना गहरा है कि इसने मानवीय चेतना तक को आच्छादित कर लिया है। आप देख सकते हैं कि एक तरफ रूस और यूक्रेन का युद्ध हो रहा है, दूसरी तरफ गाजा में मानवीय संहार का तांडव हो रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि मानव जाति के लिए विनाशक इन युद्धों में विशाल शक्तियों वाले देश प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से शामिल हैं। ये शक्तियां अपने विरोधियों को पूरी तरह नष्ट करके ही अपनी विजय पताका फहराना चाहती हैं। एक तरफ जब बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण जलवायु परिवर्तन की घटनाएं मानव अस्तित्व के लिए खतरा बनी हुई हैं, ऐसे में क्या सामंजस्य, संवाद के जरिये इन युद्धों को टाला नहीं जा सकता? बहुत पुरानी बात नहीं है, शीत युद्ध के समय दुनिया दो ध्रुवों में बंट गई थी। एक तरफ सोवियत संघ था, दूसरी तरफ अमेरिका। एक समय तो ऐसा लगा कि अब कभी भी परमाणु युद्ध छिड़ सकता है, लेकिन हॉटलाइन पर कैनेडी एवं ख्रुश्चेव के बीच बातचीत हुई, दोनों नेताओं ने समझौता किया और युद्ध टल गया। आज फिर मानव अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। यह एक ऐसी अमावस्या है, जिसका फिलहाल अंत नहीं दिख रहा है, लेकिन एक क्षीण-सी उम्मीद है कि इस अंधेरे पर भी विजय पाई जाएगी। इस महाविनाश के बीच दीपावली के सांस्कृतिक मूल्यों की महत्ता को समझने की बड़ी जरूरत है।

मुझे अज्ञेय की एक छोटी-सी कविता 'दूज का चांद' याद आ रही है, जिसकी पंक्तियां हैं- मेरे छोटे घर-कुटीर का दीया/तुम्हारे मंदिर के विस्तृत आंगन में/सहमा-सा रख दिया गया। हम सबको अपनी ओर से हर बुराई के अंधेरे को मिटाने, मानवजाति के कल्याण और चतुर्दिक वास्तविक सुख-समृद्धि का आलोक फैलाने के लिए दिवाली के त्योहार पर दीप दान करना चाहिए। सबको दीपावली की शुभकामनाएं!

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

**नौ नवंबर को मनाया गया है। विश्व उर्दू दिवस**

# ये कैसा इश्क है उर्दू जबां का मजा घुलता है लफ्ज़ों का ज़बां पर

उर्दू यानी शीरी (मीठीं) जुबान। नाजुक। नफासत (कोमलता, स्वच्छता) से घिरी। इसका बांकपन अलबेला है। जुबान में तहजीब है। दिलों में उतरने का फ़न इसका हुनर। इसमें मोहब्बत की महक हैं। इसका हुस्न दिलरुबा की मानिंद है। इसकी गुफ्तगूं में लफ्जों (शब्दों) का सलीका है। एतमाद (विश्वास) है। अपनापन भी। लेकिन अफसोस। गुरबत (निर्धनता) ने इसे सरसब्ज़ (हराभरा) नहीं होने दिया। हुकूमतों ने इसकी परवरिश करने में सौतेलारूख दिखाया। कुछ मायनों में यह बदसलूकी का भी शिकार है। कभी इस पाले में तो कभी उस पाले में भटकने के बाद मौजूदा हालात में यह हाशिए पर खड़ी है। हिचकियां ले रही है।

हालांकि उर्दू हिंदुस्तान के आंगन में ही पलकर बड़ी हुई है। यह किसी मजहब की नहीं बल्कि हिंदुस्तान की जुबान है। गंगा-जमुनी तहजीब का एक हिस्सा है। ये हिंदुस्तानियों को एक धागे में बांधने का काम करती है। इस जुबान में नजाकत है तो लोच भी। ये मुमताज(विशिष्ट) है तो बेनज़ीर (अतुलनीय) भी। ये दिलों को जोड़ती हैं। वैसे भी जुबान की कोई हद या मजहब नहीं होता। लेकिन कतरे-कतरे में सिमटती इस जुबां को रहबरी (मार्गदर्शन) चाहिए। ये भी सच है कि इसकी कई मौकों पर धुलाई, मंजाई, घिसाई हुई लेकिन बढ़ती उम्र के साथ उर्दू निखरी है। इसके हुस्न और निखार, लोच में कमी नहीं आई।

**मशहूर शायर डॉ. बशीर बद्र का एक शेर है, वो इत्रदान सा लहजा मिरे बुजुर्गो का रची-बसी हुई उर्दू ज़बान की खुश्बू** ये भी सच है कि उर्दू की परवरिश में अमीर खुसरो, अमीर मिनाई, मीर तक मीर, आबरू शाह मुबारक, मिर्जा गालिब, बाल मुकुंद बेसब्र, पंडित दया शंकर नसीम लखनवी,अल्लामा इकबाल, मिर्जा हादी रुस्वा, मुंशी प्रेमचंद से लेकर इब्ने सफी, मजाज़, शौकत थानवी, रघुपति सहाय (फिराक गोरखपुरी), फैजाबाद के पंडित ब्रिज नारायण (चकबस्त), आनंद मोहन जुत्शी (गुलजार देहलवी), राजेंद्र सिंह बेदी, अमृता प्रीतम, इस्माइल मेरठी, नादिर काकोरवी, कतील शिफाई, आगा हश्र कश्मीरी, मुंशी नवल किशोर, पंडित रतननाथ (सरशार), कन्हैयालाल कपूर और फिक्र तौंसवी (रामलाल भाटिया), कुंवर महेंद्र सिंह बेदी सहर, कृष्ण बिहारी नूर, संपूर्ण सिंह कालरा यानी गुलजार जैसी अदब की दुनिया की कई बड़ी शख्सियतें शामिल है। इन शख्सियतों ने उर्दू को परवान चढ़ाने और अपनी बात कहने का जरिया बनाया।



9 नवंबर आलमी-यौमे-ए-उर्दू यानी विश्व उर्दू दिवस है। यह उर्दू के मकबूल शायर अल्लामा डॉक्टर इकबाल की यौमे पैदाइश की तारीख भी है। इस तारीख को भोपाल समेत मुल्कभर में उर्दू जुबान को लेकर जलसे, मुशायरे, सेमिनार,कॉन्फ्रेंस वगैरह होती है। लेकिन भोपाल समेत पूरे सूबे में असेम्बली इलेक्शन के चलते सरकारी तौर पर यह नहीं होंगे। अवामी तंजीमें छोटे पैमाने पर ही सही कुछ प्रोग्राम जरुर करेंगी। इन सभी में उर्दू की तरक्की की बातें होगी। बाद में ये जिक्र किस्से-कहानी की तरह कहीं दफन हो जाएगा।

अगर फ्लैश बैक में जाए तो उर्दू की मकबूलियत सुनने, पढ़ने को मिलती है। आजादी की लड़ाई में ''इन्क़लाब ज़िन्दाबाद'', ''सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिलों में है'', ''सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा'' आदि नारों, तकरीरों का औजार बनी तो फ्रीडम मूवमेंट में इसकी अहमियत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आज़ादी की जंग में उर्दू ने भी अपना किरदार अदा किया। उर्दू ज़बान ने नारे और शेर दिए जिसे पढ़कर और सुनकर हिंदुस्तानियों में आज़ादी का जोश भर दिया।

उर्दू नारों से फिरंगी हुकूमत के खिलाफ जोश और जुनून का जज्बा बढ़ाया। इसके चलते शायरी लगातार परवान चढ़ी। दरअसल उर्दू किसी कौम की नहीं हिंदोस्तान की जुबान में है। लेकिन बदकिस्मती से इसकी हुकूमतों ने नजरअंदाज करना जब से शुरु किया, इसका रसूख कम होने लगा। इसकी मिसाल सरकारी स्कूल है। इनकी कभी खोजखबर नहीं ली गई। धीरे-धीरे उर्दू टीचरों का टोटा हो गया। नए उर्दू टीचरों की भर्ती सालों से नहीं हुई। सरकारी कॉलेजों में उर्दू डिपार्टमेंट बंद होने की कगार पर है। प्राइवेट कॉलेजों का जिक्र करना तो फिजूल होगा।

वहीं उर्दू की तरक्की के नाम से खुली एकेडमी के हाल भी किसी से छुपे नहीं है। उन्हें सरकारी मदद तो ऊंट के मुंह में जीरे के मुताबिक मिलने से 75 फीसद रकम स्टॉफ की तनख्वाह, दीगर दफ्तरी खर्चों में खर्च हो जाती है। सच मानिए इस जुबान की खूबसूरती का आलम यह है कि दो लफ्ज़ ग़र किसी अंधेरे कमरे में गूंज जाएं तो फ़ानूस की शमां सी रोशनी हो जाए।

चलते-चलते गुलज़ार की नज़्म **ये कैसा इश्क़ है उर्दू ज़बां का मज़ा घुलता है लफ्ज़ों का ज़बां पर कि जैसे पान में महंगा क़िमाम घुलता है ये कैसा इश्क़ है उर्दू ज़बां का नशा आता है उर्दू बोलने में गिलौरी की तरह हैं मुंह लगी सब इस्तेलाहें लुत्फ़ देती है, हलक़ छूती है उर्दू तो, हलक़ से जैसे मय का घोंट उतरता है कहीं कुछ दूर से कानों में पड़ती है अगर उर्दू तो लगता है कि दिन जाड़ों के हैं खिड़की खुली है, धूप अंदर आ रही है अजब है ये ज़बां, उर्दू**

- अलीम बजमी. (फेसबुक वॉल से साभार)

चुनाव आयोग की सार्थक पहल

# 46 वर्षीय अशक्त मधुबाई ने पहली बार किया मतदान



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

तहसील के ग्राम जीराबेह में 46 वर्षीय मधुबाई ने अपने जीवन की पहली वोट पोस्ट-वेलिट के माध्यम से डाली अधिकारियों के वोटिंग करने के बाद मधुबाई अत्यधिक प्रसन्न हुई । उन्होंने कहा कि मैने अपने जीवन में पहली बार वोट डाला है । इस चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा दिव्यांग अशक्त और वृद्धजन के घर पहुंच, बूथ बनकर गोपनीयता पूर्वक मतदान करने की इस योजना के अंतर्गत सिवनी मालवा क्षेत्र में 187 दिव्यांग जनों का मतदान होना था । इसके अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 55 ग्राम जीराबेह में सेक्टर अधिकारी संजय पाठक ने अपनी चुनाव टीम के साथ 46 वर्षीय मधुबाई का मतदान कराया । मधुबाई दिव्यांग है । जिन्होंने आज तक कभी वोट नहीं डाला । मधु बाई के घर पहुंचने के बाद मतदान अधिकारियों ने मधुबाई के घर के अंदर ही पलंग के पास बूथ बनाया और मधु बाई से वोटिंग कराया । वोटिंग करते समय मधुबाई अत्यंत प्रसन्न थी । अधिकारियों से मधुबाई ने कहा कि मैंने अपने जीवन में पहली वोट डाली है। चुनाव आयोग की यह सार्थक पहल पोस्ट वैलिड वोटिंग के माध्यम से ऐसे अनेक असक्तजनों ने मतदान किया है जिनके जीवन में मतदान करना अब संभव नहीं था ~रविंद्र सिंह सिकरवार, समाजसेवी, सिवनी मालवा ।

### 1538 दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं ने भी किया मताधिकार का प्रयोग

# पोस्टल बैलेट से 3822 अधिकारी व कर्मचारियों ने किया मतदान

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया गया। चुनाव ड्यूटी में लगे शासकीय सेवकों से प्रशिक्षण के दौरान सभी विधानसभाओं में मतदान सुविधा सेंटर स्थापित कर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया गया। इसके साथ ही 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाता तथा दिव्यांगजनों ने घर-घर जाकर मतदान कराया गया।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार जिले की चारों विधानसभा से कुल 3822 शासकीय सेवकों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मताधिकार का उपयोग किया। सिवनीमालवा विधानसभा में 564 शासकीय सेवकों, होशंगाबाद में 1767 , सोहागपुर में 754 तथा सिवनीमालवा में 737 शासकीय सेवकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे मतदाता जिनकी आयु 80 वर्ष या उससे अधिक है, उन्हें तथा दिव्यांगजनों को घर से मतदान कराने के निर्देश पर मतदान दलों द्वारा घर-घर जाकर मतदान कराया गया। जिले की चारों विधानसभा में कुल 1538 बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगजनों ने घर से मतदान किया। जिसमें सिवनी मालवा विधानसभा अंतर्गत 563 वृद्ध एवं 186 दिव्यांग, होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत 170 वृद्ध एवं 64 दिव्यांग, सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत 280 वृद्ध एवं 43 दिव्यांग तथा पिपरिया विधानसभा अंतर्गत 185 वृद्ध एवं 47 दिव्यांग ने मतदान किया हैं।





## मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को कराना होगा पूर्व प्रमाणित

**नर्मदापुरम.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्यप्रदेश में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए एक ही चरण में 17 नवंबर को मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन के लिए समय सीमा तय कर दी है। प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा।

## एग्जिट पोल के परिणाम का प्रकाशन, 30 नवम्बर तक प्रतिबंधित रहेगा

**नर्मदापुरम.** विधानसभा निर्वाचन 2023 की आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता के दौरान 30 नवम्बर की शाम 6~30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचन के दौरान सभी मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घण्टों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामलों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 क में यह प्रावधानित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का ऐसी अवधि के दौरान जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचित की जाए, प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति से प्रसार नहीं करेगा। यदि कोई व्यक्ति इस प्रावधान का उल्लंघन करेगा, तो ऐसी अवधि के कारावास से जो दो वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से, दण्डनीय होगा।

# आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजित हुआ



**विदिशा ।** शासन के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी कार्यालय एवं अधिनस्थ आयुष संस्थाओं में 8वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन ष् हर दिन हर किसी के लिये आयुर्वेद ष् थीम पर भगवान धनवन्तरी की पूजन अर्चना कर प्रारम्भ किया गया। जिला आयुष अधिकारी श्री दिनेश कुमार अहिरवार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों के लिये आयुर्वेद आयुर्विद्या अंतर्गत विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच आयुर्वेद संबंधित निबंध प्रतियोगिता , रंगोली प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरीय एवं वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा कृषकों के लिये औषधीय पौधों संबंधी जानकारी प्रदान करने के साथ साथ उनको लगाने हेतु प्रेरित किया गया। जन सामान्य के लिये चिकित्सा शिविर, रितुचर्या, आहार विहार आदि एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर व्याख्यान आदि गतिविधियां आयोजित की गई जो निरंतर जारी हैं।

## पहली बार मतदाताओं को दी जा रही क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची

**विदिशा ।** जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव ने बताया कि विदिशा जिले की पांचों विधानसभाओं में मतदाता सूचना पर्ची (वोटर पर्ची) के वितरण का कार्य शुरू हो गया है। जिले के सभी 1094901 मतदाताओं को पहली बार क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मतदाता सूचना पर्ची के वितरण का कार्य पूर्णतया की ओर है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर होगी सख्त कार्यवाही

**सीहोर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। विधानसभा निर्वाचन के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने और कानून व्यवस्था तथा लोक शांति बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने गत दिवस दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत सोशल मीडिया पर प्रसारित की जाने वाली आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर सिंह के आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या ग्रुप एडमिन या अन्य सोशल मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक संसाधन जैसे मोबाईल, कम्प्यूटर, फेसबुक, ई-मेल, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर एवं अन्य प्रकार के संचार साधनों पर किसी दल, धर्म, जाति, संप्रदाय, संस्था, व्यक्ति विरोधी, आम लोगो की भावना भड़काने व कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित करने वाले और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले आपत्तिजनक मैसेज, चित्र, कमेंट, बैनर, पोस्टर आदि अपलोड नही करेंगे। व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन ओर यूजर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित न करे। ऐसे संदेशो के प्रसारण की जिम्मेदारी ग्रुप एडमिन की होगी। सोशल मीडिया पर आए संदेशो पर प्रतिक्रिया देने से पूर्व उसकी सत्यता की जॉच करने का प्रयास करे।

मेट्रो एंकर

### मतदान के 72 घंटे पूर्व के प्रोटोकॉल का पालन करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर-एसपी ने पिपरिया और सोहागपुर में ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर और पिपरिया में सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर के जनपद कार्यालय में उसके बाद विधानसभा क्षेत्र पिपरिया के पीजी कॉलेज में बैठक आयोजित की गई।



कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सेक्टर अधिकारियों को प्रमुख रुप से मतदान दिवस 17 नवंबर के 72 घंटे पूर्व की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण और सुचारू ढंग से संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही 16 नवंबर को रात्रि विश्राम करेंगे। कोई भी मतदान कर्मी अपने मतदान केंद्र के अलावा अन्यत्र विश्राम नहीं करेगा। मतदान कर्मी ईवीएम मशीन सहित निर्वाचन संबंधी सामग्री की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। ईवीएम मशीनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मतदान दल की होगी। ईवीएम मशीनों को किसी भी हालत में छोड़ना नहीं हैं।उन्होंने सेक्टर अधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारियों को मतदान केंद्रों का सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों में भी सतत भ्रमण कर मतदाताओं में निर्भीक और स्वतंत्र होकर मतदान करने के लिए विश्वास उत्पन्न करें। 15 नवंबर को सेक्टर को बल उपलब्ध करा दिया जाएगा। केंद्रों पर 72 घंटे पूर्व के प्रोटोकॉल का पालन किया जाना सुनिश्चित कराएं। 16 नवंबर को पोलिंग पार्टी को सामग्री का वितरण किया जाएगा। मतदान दल सामग्री वितरण के दौरान निर्धारित स्थल पर बैठे। पोलिंग पार्टी के केंद्रो पर पहुंचने की रिपोर्ट भी दें। केंद्रों पर 100 मीटर एवं 200 मीटर के स्थान चिन्हित करने की कार्यवाही भी की जाए।कलेक्टर श्री सिंह ने मतदान दिवस पर मॉकपोल और वोटिंग प्रक्रिया के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सोहागपुर में बैठक के दौरान रिटर्निंग अधिकारी बृजेंद्र रावत सहायक रिटर्निंग अधिकारी अलका एक्का एवं पिपरिया में बैठक के दौरान रिटर्निंग अधिकारी संतोष कुमार तिवारी उपस्थित रहे।



### धनतेरस पर हुई खरीदारी

# ऑटो और मोबाइल सेक्टर में जमकर हुई ग्राहकी, सराफा बाजार में सन्नाटा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

धनतेरस पर बाजार में भारी रौनक देखने को मिली जिसके कारण व्यापारियों के चेहरे खिल उठे । जमकर धन की वर्षा भी हुई 5 करो? से अधिक का व्यापार धनतेरस पर हुआ सराफा बाजार को छोड़कर हर सेक्टर में खरीदारी करने के लिए ग्राहक पहुंचे मुख्य बाजार में तो पैदल चलना मुश्किल हो रहा था हर दुकान पर ग्राहकों की भीड़ लगी हुई थी दो पहिया वाहन तो निकल ही नहीं पा रहे थे। ग्राहकी अधिक होने के कारण दुकानदार सामान देने में भी असमर्थ दिखाई दे रहे थे। काफी इंतजार के बाद ग्राहकों को सामान मिल पा रहा था सुबह से ही धनतेरस पर शुभ मुहूर्त खरीदारी करने के लिए दो पहिया ,चार पहिया वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक समान ,मोबाइल खरीदने से लेकर साज सज्जा की सामग्री , कपड़े खरीदने के लिए भारी भीड़ देखने को मिली सबसे ज्यादा ग्रह की टू व्हीलर पर देखने को मिली प्रिया हीरो एंटरप्राइजेज पर सुबह से ही ग्राहकों का ताता लगा हुआ था प्रिया हीरो मोटर कोप के संचालक योगेश भार्गव, दीपेश भार्गव ने बताया कि केवल धनतेरस पर 178 गाड़ियों की बिक्री हुई 50 से गाड़ियों की बुक में दिवाली के लिए ग्राहकों के द्वारा कराई गई है। बजाज शोरूम पर भी खरीदारी देखने को मिली इसी तरह इलेक्ट्रिकल गाड़ियों की मांग भी इस समय ज्यादा हो रही है क्योंकि प्रदूषण और महंगे पैट्रोल से मुक्ति पाने के लिए ग्राहक इलेक्ट्रिकल वाहन को पसंद कर रहे हैं। अवनी मोटर्स संचालक मुकेश रघुवंशी ने बताया कि धनतेरस पर अच्छी ग्राफ की हुई दिवाली के लिए भी ग्राहकों ने बुकिंग कराई गई है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी ग्राहकों की भीड़ देखने को मिली ट्रैक्टरों की भी जोरदार खरीदारी किसानों के द्वारा की गई।दूसरी हुई सबसे अधिक बिक्री कपड़े की देखने को मिला जहां पर ऐसी कोई दुकान नहीं थी जहां पर कपड़े खरीदने के लिए ग्राहकी भीड़ ना दिखा रही हो इसके साथ रंग रोगन से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने के लिए भीड लगी रही क्योंकि घरों को सजाने का काम दिवाली पर किया जाता। जिसके चलते घर दकाने दूधिया रोशनी से जगमगा होती हैं। इसकी वजह से इनकी मांग अधिक रही दीपों का त्योहार दीपावली है इसलिए दीपों के साथ रुई की दुकाने भी जगह-जगह सजी हुई थी गौ माता की विशेष पूजन दीपावली पर होती है, इसलिए उनको सजाने की दुकान भी सजी हुई है। पटाखा बाजार में भी खरीदारी देखने को मिलने लगी है ।अभी छुटपुटहरा ग्राहकी हो रही है । आज से पटाखा बाजार में भी भीड़ होने की उम्मीद दुकानदार लगाए बैठे हैं। खाद्य सामग्री लेने के लिए भी ग्राहकों की भीड़ लगी रही जिस तरह से धनतेरस पर रौनक दिखी उसको देखते हुए ऐसा लगता है की दिवाली पर और भी अच्छी ग्राहकी की हो सकती है इसी उम्मीद सभी व्यापारी लगाए बैठे।



## मिठाई व मावा के दाम बढ़े

दीपावली पर मिठाई की मांग अधिक होती है जिसके चलते मावा के दामों में वृद्धि हो गई है। माव के दाम बड़ने से मिठाई विक्रेताओं ने मिठाई के रेट तेज कर दिए हैं। मावा 350 रू. से ऊपर बिक रही है । मिठाई की बात करें तो 400 रू. से लेकर 800 रू. तक बाजार में उपलब्ध हो रही है । वहीं दिवाली पर बड़ी मात्रा में मिठाई की बिक्री होती है । इसके कारण मिठाई विक्रेताओं ने दिवाली को लेकर मिठाई बनाने का काम भी प्रारंभ कर दिया है।

## सराफा बाजार से रौनक गायब

धनतेरस पर सराफा बाजार को भी अच्छी ग्राहकी होने की उम्मीद थी पर छुटपुट खरीदारी ही देखने को मिली जिस तरह की ग्राहकी हर साल होती थी वैसे इस बार नजर नहीं आ रही है। इसके पीछे सर्राफा व्यापारी मोहित सिंगला ने कारण बताते हुए कहा कि चुनाव को लेकर हर जगह चेकिंग हो रही है चेकिंग के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है इसके वजह से व्यापारी माल नहीं ला रहे हैं। माल कम होने के कारण सर्राफा व्यापारी ग्राहकों की मांग भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से बाजार में जिस तरह की ग्राहकी हर साल होती थी वैसी सराफा बाजार में नहीं हो रही है।

## आतिशबाजी का लगा पंचकुइया पर बाजार

नगर का आतिषबाजी बाजार इस बार फिर पंचकुइया पर केथन नदी किनारे ही लगाया गया है । इस बार बाजार में दर्जन दुकानदारों को लायसेंस मिला है । जिन्होने दुकाने लगाने का सिलसिला षुरू कर दिया है दीपावली की तैयारियों के बीच नगर मे आतिषबाजी बाजार लग गया है वह लोग अतिषबाजी की दुकानों पर पहॅुचने लगे है । पिछले साल आतिषबाजी का बाजार प्रषासन द्वारा विक्रताओ को तालाब किनारे स्थित दषहरा मैदान मे स्थान प्रदान किया गया था । इस बार प्रषासन ने पुराने स्थान पचंकुइया पर केथन नदी के किनारे पहॅुचा दिया है । इस बार यहां पर दर्जनो दुकानदारों द्वरा अपनी दुकाने लगाई जा रही है । दरअसल पंचकुइया जाने के लिए लोग मुख्यबाजार की सडक का उपयोग करते है इससे बाजार मे और रोनक बड जाती है । मुख्य बाजार से ही पंचकुइया जाते है जिससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी बाजार होकर पंचकुइया चले जाते है । वही देखा जाए कि इस बार महंगाई का असर पटाखों पर भी दिखाई दे रहा है । क्षेत्र के अधिकांष आतिषबाजी विक्रेता गंजबासौदा से ही पटाखे खरीद कर लाते है । इस बार पटाखो की कीमत में 15 से 10 फीसदी तक बढोतरी हुई है जिससे इस बार भी आम आदमी की जेब पर काफी बोझ बड़ा है।



### रूसिया के ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी के समक्ष आकर जताई निष्ठा, कहा-

# कांग्रेसियों ने बहला-फुसला कर उनके प्रत्याशी के साथ फोटो खिंचवा दिया!



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेसियों के बहकावे में आकर भाजपा छोड़ने की बात कहने वाले ग्राम रूसिया के अनेक कार्यकर्ताओ ने शुक्रवार को विधायक उमाकांत शर्मा के निवास पर पहुंचकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और ईमानदारी से अवगत कराया। शुक्रवार दोपहर में भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त शर्मा के गणेश की अथाई स्थित निवास पर ग्राम रूसिया निवासी पूर्व सरपंच रामदयाल पाल,राम सिंह अहिरवार, दिनेश कुशवाह सहित करीब पचास ग्रामीण पहुंचे थे। दो दिन पहले इन सभी के कांग्रेस प्रत्याशी के साथ फोटो शोसल मीडिया पर बायरल हुए थे जिसमें बताया गया था कि इन लोगो ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ले ली है। शुक्रवार को इन सभी ने भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के समक्ष अपनी बात रखते हुए भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा अपनी निष्ठा जताई। इन लोगों ने बताया कि कुछ लोग दो दिन पहले आधी रात को हमे हमारे घर से बहला फुसलाकर ले गए थे यह लोग हमें कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय पर ले गए और उनके साथ फोटो खिंचवा दिया। इसके बाद इसी फोटो को इन्होंने सोशल मीडिया पर डालकर हमे सदस्य बता दिया। जो कि पूरी तरह झूठा ओर गलत है। हम भाजपा के निष्ठावान सदस्य है और रहेंगे। पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा से लेकर वर्तमान विधायक उमाकांत शर्मा के लिए हमनें ईमानदारी से काम किया है और आंगे भी करेंगे। इस वहुनव में भी भाजपा के लिए जी जान से काम कर कांग्रेस को करारी शिकस्त दिलाएंगे। इस दौरान पूर्व सरपंच के साथ एक दर्जन से ज्यादा रूसिया क्षेत्र के कांग्रेस सदस्यों ने भी अपना समर्थन भाजपा प्रत्याशी को दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा का स्वागत किया।

## कांग्रेस उम्मीदवार का ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ जोरदार स्वागत



विधानसभा चुनाव को लेकर बैसे तो सभी उम्मीदवारों के द्वारा अपने-अपने स्तर से मतदाताओं को रिझने के लिए प्रचार तेज कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच में ही मुख्य मुकाबला हो रहा है। जहां भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा अपने स्तर से मतदाताओं का अपने पक्ष में करने के लिए जो लगा रहे हैं ।वहीं कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी मतदाताओं के बीच पहुंच कर अपनी पेठ जम रहे हैं । इनको जनता जनार्दन का जन समर्थन भी प्राप्त हो रहा है। दूसरी ओर घर घर पहुंच कर मतदाताओं से सीधा संवाद कर रहे हैं आशीर्वाद मांग रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने गरेठ सेक्टर के विभिन्न ग्रामीण में पहुंचकर ग्रामीणों से अपने पक्ष में मतदान करने का आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि आपके बीच में रहने वाला आपका बेटा भाई पुत्र आया है। सभी मेरा सहयोग करें। मतदाताओं ने भी आगे बड़कर इनका फूल माला साल फल साफा पर आदि से स्वागत कियाा। श्री रघुवंशी बताया पूरे क्षेत्र में बदलाव की लहर चल रही है जन समर्थन मेरे साथ पूरी ताकत से खड़ा है। जनता के द्वारा ही मुझे उम्मीदवार बनवाया गया है भाई मेरा चुनाव लड़ रही है उसके आशीर्वाद से ही मैं विधानसभा पहुंचूंगा क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसार नहीं छोडूंगा हर वर्ग मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है।

## शोएब खान का जोरदार स्वागत



विधानसभा चुनाव को लेकर जीत के दावे तो वैसे सभी उम्मीदवारों के द्वारा किए जा रहे हैं। मतदाताओं के बीच पहुंच कर उनके दिल में जगह बनाने के लिए सभी जोर-शोर से ताकत लगा रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस उम्मीदवार गगनेंद्र रघुवंशी ने गुरुवार को क्षत्री चौराहे पर खेल खिलाड़ी प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व नपा अध्यक्ष एडवोकेट शोएब खांन ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया श्री रघुवंशी ने सिरोंज-लटेरी विधानसभा सभा में श्री खांन का साथ देकर मेहनत करने की गुजारिश भी की इस दौरान सउद जफर एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सरकार के दरबार में भक्तों का लग रहा तांता



**सिरोंज।** मदन मोहन सरकार के दरबार में कार्तिक महोत्सव के तहत दीपदान महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह शाम होने वाली मंगल आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण भाग ले रहे हैं। शाम को आकाश दीप के साथ आरती होती है प्रतिदिन सरकार को अलग-अलग तरह के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है फिर प्रसादी का वितरण आरती के उपरांत किया जाता है। वही मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नवनीत महाराज के द्वारा कार्तिक मास की कथा का रसपान भी भक्तजनों को कराया जा रहा है। सभी आयोजन में श्रद्धालु गण बाड़ चलकर भाग ले रहे हैं हर साल कार्तिक महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है।

## 13 को सिरोंज आएंगे गृहमंत्री अमित शाह

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



विधानसभा चुनाव में पहली बार गृहमंत्री अमित शाह भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में सभा को संबोधित करने के लिए आ रहे हैं । इस बात से साफ अंदाजा लगाया सकता है कि यहां का चुनाव कितना कांटे का हो गया है। जानकारी के अनुसार 13 नवंबर को नवीन बस स्टैंड पर गृहमंत्री अमित शाह की सभा आयोजित होगी जिसको प्रशासन सतर्क हो गया है। साभ कितने बजे होगी इसको लेकर अभी समय का निर्धारण अभी हुआ नहीं है । भाजपा संगठन के द्वारा तैयारियां जरूर प्रारंभ कर दी गई है ।दीपावली के अगले दिन ही जनसभा होगी जिसमें गृहमंत्री भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के लिए मतदाताओं से अपील करेंगे। लोहार के चलते भीड़ जुटना भी भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी।

**मेट्रो एंकर** | यातायात पुलिस की अनदेखी के कारण चालक कर रहे मनमानी

# नो एंट्री की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां, बीच रोड पर खड़ा कर दिया लोडिंग ट्रक

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

त्यौहार को देखते हुए भी यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा व्यवस्था को ठीक करने के लिए कदम नहीं उठाया जा रहे हैं । नगर की यात्रा व्यवस्था को एक बार फिर भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है तभी तो हालत इतनी ज्यादा खराब हो गए हैं । दूसरी ओर भारी वाहनों पर दिन में रोक लगाने के लिए बोर्ड लगा दिए गए पर कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से समस्या और ज्यादा बिगड़ रही है। शुक्रवार को दिन में ही बीच चौराहे पर ट्रक को खड़ा करके सभी की मुश्किलें बड़ा दी। यातायात पुलिस पूरी तरह से गायब थी।



ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक के लिए चंद दिनों पहले उठाए गए कदम पीछे खींच लिए गए हैं । अभी हालात ऐसे हैं की मंडी बाईपास रोड लिंक रोड छतरी चौराहा बस स्टैंड से लेकर मुख्य बाजार में ट्रैफिक की व्यवस्था नहीं होने के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है ।

शहर के मुख्य मार्गों पर से दो पहिया बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। नो एंट्री के बोर्ड लगे हैं फिर भी दिन में भारी वाहनों का प्रवेश निरंतर जारी रहता है किसी वाहन चालक पर कार्रवाई नहीं होने के कारण इन वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं । यातायात पुलिस कर्मी किसी को भी रोकने टोकने का काम भी नहीं कर रहे हैं।इसकी वजह से सड़क के दोनों और वाहनों के आने-जाने के दौरान जाम के हालात निर्मित हो रहें हैं। त्यौहार को लेकर बाजार में भारी चहल-पहल हो रही है। इसकी जानकारी होने के बाद भी यातायात पुलिस प्रशासन इस समस्या को दूर करने के लिए ध्यान नहीं दे रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों को ध्यान देकर इस समस्या का समाधान करवाना चाहिए।





## डी कॉक फिर बने टॉप स्कोरर, कूट्जी के नाम 18 विकेट

# साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत सेमीफाइनल खेलेगी

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान का वर्ल्ड कप मैच खेला गया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की और टीम 244 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने टारगेट चेज किया और 5 विकेट से मैच जीत लिया। 16 पॉइंट्स के साथ भारत टेबल टॉपर है। टीम इंडिया ने 8 मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। भारत को अभी एक मैच और खेलना है। साउथ अफ्रीका टेबल में नंबर 2 पर है। उसने 9 मैच खेले और 7 जीते हैं। उसके 14 पॉइंट्स हैं। पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया तीसरे नंबर पर है। 8 में से 6 मैच जीतकर ऑस्ट्रेलिया के 12 पॉइंट्स हैं। ऑस्ट्रेलिया को 1 मैच और खेलना है। इंडिया, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। न्यूजीलैंड चौथी पोजिशन पर बनी हुई है।

### पांच विकेट से हारा अफगानिस्तान

साउथ अफ्रीका ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में अपने आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। टीम ने टूर्नामेंट में 7वीं जीत दर्ज की और 14 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल में एंट्री की। दूसरी ओर अफगानिस्तान का सफर 5 हार और 4 जीत के साथ खत्म हुआ। टीम पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर रही। साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक ने शुक्रवार को 41 रन बनाए, इसी के साथ वह टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर भी बन गए। उनके नाम अब 591 रन हो गए हैं। उन्हीं की टीम के जेराल्ड कूट्जी के नाम 7 ही मैचों में 18 विकेट हैं। श्रीलंका के दिलशान मदुशंका 9 मैचों में 21 विकेट लेकर टॉप विकेट टेकर हैं।

### 16 नवंबर को होगा दूसरा सेमीफाइनल

साउथ अफ्रीका को दूसरे सेमीफाइनल में 16 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ना है। अगर बावुमा सेमीफइनल में नहीं खेलते हैं, तो उनकी जगह एडेन मार्करम कप्तानी कर सकते हैं। मार्करम ने इंग्लैंड और बांग्लादेश के मैच के दौरान बावुमा के नहीं खेलने पर टीम की कप्तानी की थी। बावुमा बीमार होने की वजह से इस मैच में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे। साउथ अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा अहमदाबाद में स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए आखिरी लीग मैच में चोटिल हो गए। मैच के 9 वें गेंद के बाद ही पैर में चोट लगने की वजह से वह ग्राउंड से बाहर चले गए। वहीं अफगानिस्तान से जीत के बाद बावुमा ने अपने चोट को लेकर कहा, मेरे पैर में दर्द है और अभी तक नहीं पता कि कितनी चोट है और कब तक ये ठीक होगी। मेरे पास मैच के दौरान बाहर रहने का विकल्प था लेकिन मैं फील्ड में अपने खिलाड़ियों के साथ रहना चाहता था।

### वसीम अकरम ने एंजेलो मैथ्यूज वाली घटना को याद दिलाया

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वसीम अकरम ने टीम को सेमीफाइनल खेलने के लिए एक नया फॉर्मूला बताया है। अकरम ने एक चैनल पर मजाकिया अंदाज में कहा, पाकिस्तान अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है, अगर वह पहले बैटिंग करते हुए अच्छा स्कोर बनाए और फिर पूरी इंग्लैंड टीम को 20 मिनट के लिए ड्रेसिंग रूम में बंद कर दे, ताकि इंग्लैंड के सभी खिलाड़ियों को टाइम आउट दे दिया जाए। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराकर अफगानिस्तान और पाकिस्तान दोनों को वर्ल्ड कप 2023 सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया है। अकरम ने यह बात श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज के साथ 6 नवंबर को हुई टाइम आउट वाली घटना को याद करते हुए कहा।

#### पाकिस्तान को रन रेट करना होगा बेस्ट

सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान को अपना नेट रन रेट न्यूजीलैंड से बेहतर करना होगा। इसके लिए पाकिस्तान को इंग्लैंड को 287 रन से हराना होगा। अगर इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करती है और 150 रन पर ऑल आउट हो जाती है। तो पाकिस्तान को 22 गेंदों में 151 रन बनाने होंगे। अगर इंग्लैंड 300 रन बनाने के बाद ऑल आउट हो जाती है तो पाकिस्तान को ये टारगेट 37 गेंदों में हासिल करना होगा।

### जीत के बाद भी साउथ अफ्रीका दूसरी पोजिशन पर

अफगानिस्तान से जीतकर साउथ अफ्रीका के 14 पॉइंट्स हो गए हैं। साउथ अफ्रीका ने दूसरी पोजिशन पर वर्ल्ड कप लीग स्टेज समाप्त की। अफगानिस्तान ने 9 में से 4 मैच जीते। वो 8 पॉइंट्स के साथ नंबर 6 पर रही। साउथ अफ्रीका से हारने के बाद उसका वर्ल्ड कप का सफर खत्म हो गया है। आज दो मुकाबले हैं। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश का है। 12 पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया तीसरी पोजिशन पर है। बांग्लादेश 8 में से सिर्फ 2 मैच ही जीत सकी। उसके 4 पॉइंट्स हैं। दूसरा मैच इंग्लैंड और पाकिस्तान का है। पाकिस्तान इस मैच को जीतकर 10 पॉइंट्स हासिल करना चाहेगी।

## टीम इंडिया के लिए तीन वनडे मैच खेलने वाले गुरकीरत मान ने लिया संन्यास

**अमृतसर, एजेंसी**

विश्व कप 2023 के बीच खिलाड़ियों के संन्यास लेने का सिलसिला जारी है। टीम इंडिया के लिए तीन वनडे मैच खेलने वाले गुरकीरत सिंह मान ने रिटायरमेंट ले लिया है। उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को गुड बाय कर दिया है। वह पंजाब के लिए खेला करते थे।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था डेब्यू:** गुरकीरत सिंह मान ने भारत के लिए 2016 में डेब्यू किया है। तब ऑस्ट्रेलिया टूर पर तीन वनडे मैच खेले। इनमें 13 रन ही बना सके। तब उन्होंने दस ओवर गेंदबाजी की थी, लेकिन विकेट लेने में नाकाम रहे थे। 17 जनवरी 2016 को गुरकीरत ने पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। वहीं 23 जनवरी को उनका आखिरी मैच था। इस तह उनका इंटरनेशनल करियर 7 दिन का रहा। वे दोबारा कभी भारतीय टीम में सिलेक्ट नहीं हुए।

## खराब प्रदर्शन के बाद श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड सस्पेंड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने श्रीलंका की सदस्यता सस्पेंड कर दी है। बोर्ड ने एक बैठक में क्रिकेट श्रीलंका को आईसीसी सदस्यता से निलंबित करने का फैसला लिया गया। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड में उनकी सरकार का दखल बढ़ गया था। इसलिए आईसीसी ने ये फैसला लिया। विश्व कप 2023 में श्रीलंका टीम के खराब प्रदर्शन के बाद खेल मंत्री ने श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड को भंग कर दिया।

भारत में चल रहे वर्ल्ड कप में श्रीलंका को सिर्फ दो मैचों में जीत मिली है। टीम इंडिया के खिलाफ उन्हें 302 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इस करारी शिकस्त के बाद श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को भंग कर दिया गया। वहीं आईसीसी ने इस मामले में एक बयान जारी किया है। बैठक में फैसला लिया गया कि श्रीलंका क्रिकेट एक सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का उल्लंघन कर रहा है। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि श्रीलंका क्रिकेट के शासन, विनियमन और प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप नहीं हो। इससे स्वायत्त रूप से संचालित किया जाए।

## इस वर्ल्ड कप विराट कोहली ने बनाए अब तक 543 रन, इनमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टीम इंडिया के टॉप-5 बैटर्स ने मिलकर वनडे वर्ल्ड कप 2023 के 8 मैचों में 42 घंटे, 43 मिनट तक बैटिंग की है। इनमें स्टार बैटर विराट कोहली टॉप पर हैं। उन्होंने अकेले 14 घंटे से ज्यादा बैटिंग की, जो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा है। भारतीय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा देर तक बैटिंग करने में दूसरे नंबर पर कप्तान रोहित शर्मा, तीसरे पर विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल, चौथे पर श्रेयस अय्यर और पांचवें पर ओपनर शुभमन गिल हैं।

कोहली ने आठ मैचों में 14 घंटे और 39 मिनट तक क्रीज पर समय बिताया। इस दौरान उन्होंने 543 रन बनाए। जिनमें उन्होंने 2 शतक और चार अर्धशतक लगाए, उनका स्ट्राइक रेट 108.60 का रहा। कोहली टीम के टॉप रन स्कोरर भी हैं।




वह इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। वहीं रोहित ने 8 मैचों में 8 घंटे और 23 मिनट तक बैटिंग की। उन्होंने 122.77 के स्ट्राइक रेट से 442 रन बनाए। राहुल (तीसरे नंबर पर हैं) 7 घंटे और 20 मिनट तक क्रीज पर रहे। उनके नाम आठ मैचों 245 रन हैं। जिनमें एक अर्धशतक शामिल है। अय्यर ने 6 घंटे और 29 मिनट तक का समय बिताया। इस दौरान उन्होंने तीन अर्धशतक लगाए। उनके नाम 97.34 की स्ट्राइक रेट से 293 रन हैं। वहीं गिल ने शुरुआती दो मैच मिस किए। उन्होंने छह मैच में 5 घंटे और 52 मिनट तक बैटिंग की। गिल ने दो अर्धशतक की मदद से 219 रन बनाए हैं।

टीम इंडिया का शानदार फॉर्म जारी है। टीम ने शुरुआती आठ मैच जीतकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम के आठ मैचों में 16 पॉइंट्स हैं और वह पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 नवंबर को खेले गए वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले में विराट कोहली ने शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर की बराबर कर ली। सचिन के नाम 49 वनडे शतक है। वहीं कोहली के भी अब 49 शतक हो गए हैं।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## *गुलशन बोले- मुझे लगा था कि दीपिका को रणवीर सिंह से प्यार नहीं होगा*



गुलशन देवैया ने फिल्म गोलियों की रासलीला-रामलीला में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के साथ काम किया था। उन्होंने बताया कि जब इस फिल्म के सेट पर दोनों की ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री की शुरुआत हुई तब वो लोग उदयपुर में शूट कर रहे थे। उन्होंने नोटिस किया था कि दीपिका को रणवीर बहुत ज्यादा पसंद करने लगे थे। पर उन्हें कभी लगा नहीं था कि दीपिका को भी रणवीर से प्यार हो जाएगा। हालांकि अब दोनों को साथ देखकर उन्हें बहुत खुशी होती है। एक इंटरव्यू में गुलशन ने रिवील किया, दीपिका-रणवीर की ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री की शुरुआत तब हुई थी, जब फिल्म का शूटिंग शेड्यूल मुंबई से उदयपुर शिफ्ट हो गया था। उन्होंने आगे कहा- शुरुआत में मुझे दोनों के बीच स्पार्क नहीं दिखा था। मुझे महसूस हुआ था कि वो दीपिका को बहुत पसंद करने लगे थे। मुंबई शेड्यूल के 25 दिन बाद सभी शूटिंग के लिए उदयपुर चले गए थे। वहां मुझे लगा कि रणवीर उन्हें लेकर बहुत सीरियस हैं। मगर मेरे दिमाग में था- नहीं, वो रणवीर से प्यार नहीं कर सकतीं। सॉरी रणवीर (हंसते हुए)। हालांकि अब दोनों साथ में हैं। इसी बीच गुलशन से सवाल किया गया कि क्या दोनों ने रियल लाइफ केमिस्ट्री फिल्मी पर्दे पर भी दिखाई है। इस पर उन्होंने कहा- वो दोनों प्रोफेशनल एक्टर्स हैं। दोनों की रियल केमिस्ट्री पर्दे पर नहीं दिखी है। वो उसे स्क्रीन पर नहीं दिखा सकते थे।

### करण शो में खुलासा हुआ, दोनों ने की थी सगाई

कुछ दिनों पहले दीपिका-रणवीर को कॉफी विद करण में देखा गया था। शो में रणवीर ने बताया कि 2015 में दोनों सीक्रेट एंगेजमेंट कर चुके थे। उन्होंने कहा था कि वो दीपिका को लेकर रिस्क नहीं लेना चाहते थे। इस पर दीपिका ने कहा था कि इन्होंने एडवांस बुकिंग कर ली थी। वर्क फ्रंट की बात करें को दीपिका जल्द ही फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन के साथ नजर आने वाली हैं। ये फिल्म अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी। इसके अलावा वो अमिताभ बच्चन, प्रभास और कमल हसन के साथ

## मालदीव में छुट्टी मना रही है परिणीति



परिणीति चोपड़ा ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने अपनी मां और सास के साथ मालदीव वेकेशन की फोटोज शेयर की। परिणीति ने कैप्शन लिखा- सबसे कूल थ्रोबैक गर्ल्स ट्रिप वो है जहां मेरी मां और सास दोनों हैं। उन्होंने मालदीव के रिसोर्ट को भी थैंक यू कहा और वहां वापस आने की इच्छा भी जताई। पहली फोटो में परिणीति मस्ती भरे अंदाज में शॉर्ट्स पहने साइकिल में बैठी दिखीं। दूसरी फोटो में अपनी गर्ल गैंग के साथ मालदीव के बीच पर नजर आईं। वहां उनकी मां रीना चोपड़ा और सास अल्का चड्ढा भी दिखे। बाकी दोनों फोटोज में मालदीव की खूबसूरत लोकेशन का नजारा देखने को मिला। परिणीति अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने पहले करवा चौथ की भी फोटोज शेयर की थीं। हालांकि उनके पहने सलवार सूट को लेकर उन्हें ट्रोल भी किया गया था। लोगों ने परिणीति के इस सूट की कीमत लगभग 1.56 लाख रुपए बताई थी, और इसी वजह से एक्ट्रेस ट्रोलिंग का शिकार हुई थीं।

## नीना बोली- छोटे शहरों के लोग मुझे नहीं जानते



विनीना गुप्ता के दिल में एक कसक है। नीना ने कहा कि इतने साल काम करने के बाद भी लोग उन्हें पहचानते नहीं हैं। आज भी लोग उन्हें 'चोली के पीछे' वाली डांसर के तौर पर जानते हैं। नीना ने ये बातें अपनी बेटी मसाबा गुप्ता के एक पॉडकास्ट में कही है। नीना के मुताबिक, अभी कुछ दिन पहले वो जैकी श्रॉफ के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं। लोग जैकी को देखने के लिए पागल हो रहे थे, वहीं नीना को कोई पूछ भी नहीं रहा था। जो थोड़े बहुत पहचान भी रहे थे, उन्होंने खलनायक का गाना चोली के पीछे देखा था। नीना गुप्ता ने बेटी मसाबा के पॉडकास्ट में कहा- छोटे शहरों में अभी भी लोग मुझे नहीं जानते। उन्हें नहीं पता कि मैंने बधाई हो जैसी फिल्म में काम किया है। अभी कुछ दिन पहले मैं और जैकी श्रॉफ फिल्म साबुन की शूटिंग करने अलग-अलग जगहों पर पहुंचे थे। शूटिंग देखने के लिए काफी भीड़ आ गई थी। प्रोड्यूसर ने हमारे साथ बाउंसर्स लगा दिए थे। हालांकि मुझे बाउंसर्स की कोई जरूरत नहीं थी क्योंकि वहां मुझे अधिकतर लोग पहचान नहीं पा रहे थे। मैंने प्रोड्यूसर से कह दिया कि मुझे बाउंसर्स मत दीजिए, मेरी तरफ कोई देख भी नहीं रहा है।



**मेट्रो बाजार**

## इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी : कनॉट प्लेस से गुरुग्राम की दूरी 7 मिनट में तय होगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत में साल 2026 तक पहली इलेक्ट्रिक-एयर टैक्सी चल सकती है। इसके लिए देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो को ऑपरेट करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज ने अमेरिका की आर्चर एविएशन के साथ पार्टनरशिप की है। मोमोरेंडम साइन करने के बाद दोनों कंपनियों ने बयान जारी कर कहा, इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी का ऑपरेशन रेगुलेटरी अप्रूवल और क्लियरेंस पर निर्भर होगा। हमारा लक्ष्य देश के लिए एक रिवॉल्यूशनरी ट्रांसपोर्टेशन सॉल्यूशन प्रोवाइड करना है। इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट हेलीकॉप्टर की तरह वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग कर सकते हैं। आर्चर के इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग मिडनाइट एयरक्राफ्ट के जरिए एयर टैक्सी सर्विसेज दी जाएंगी। कंपनी ने कहा कि कनॉट प्लेस से गुरुग्राम की 27 किलोमीटर की यात्रा में सड़क मार्ग से लगभग 60 से 90 मिनट का समय लगता है। इलेक्ट्रिक-एयर टैक्सी इस दूरी को 7 मिनट में तय कर लेगी।



मिडनाइट एयरक्राफ्ट तेजी से बैक-टू-बैक उड़ानें परफॉर्म करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ऐसे इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट हैं जो हेलीकॉप्टर की तरह वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग कर सकते हैं। इसे ऑपरेट करने के लिए रनवे की जरूरत नहीं होती है। इंटरग्लोब-आर्चर की इलेक्ट्रिक-एयर टैक्सी 7 मिनट में कनॉट प्लेस से गुरुग्राम पहुंचाएगी। आर्चर के 200 इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग मिडनाइट एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए फंड जुटाने की योजना बनाई गई है।

## बिग डील: डिज्नी और रिलायंस आ सकते हैं साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की मास मीडिया कंपनी वॉल्ट डिज्नी की मुकेश अंबानी के रिलायंस ग्रुप के साथ मल्टी बिलियन डॉलर डील जल्द ही फाइनल हो सकती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म डिज्नी इस डील में भारत में अपने टेलीविजन और स्ट्रीमिंग बिजनेस एसेट्स को रिलायंस को बेचेगी। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने अंबानी के अलावा डिज्नी की गौतम अडाणी, सन टीवी के मालिक कलानिधि मारन और कुछ प्राइवेट इक्विटी फर्म से भी इस मल्टी बिलियन डॉलर एंटरटेनमेंट डील के लिए बातचीत चल रही थी। हालांकि, अब यह डील मुकेश अंबनी के हाथ लगने वाली है। इस डील के साथ ही मुकेश अंबानी की कंपनी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में टॉप लीडर बनकर उभरेगी। इस मामले से जुड़े लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि इस डील के बाद रिलायंस को डिज्नी स्टार बिजनेस में कंट्रोलिंग स्टेक्स मिल जाएंगे, जिसकी एस्टिमेटेड वैल्यूएशन 10 बिलियन डॉलर यानी 83,163 करोड़ रुपए है। डिज्नी की इस बिजनेस में फिर माइनॉरिटी स्टेक्स यानी मामूली हिस्सेदारी रह जाएगी। रिलायंस का मानना है कि यह एसेट्स 7 बिलियन डॉलर से 8 बिलियन डॉलर के बीच की वैल्यू के हैं। दोनों कंपनियों द्वारा अगले महीने इस अधिग्रहण की घोषणा किए जाने की उम्मीद है।

# कामख्या एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। कामख्या एक्सप्रेस में सफर कर रहे दंपती के साथ चोर ने वारदात को अंजाम देते हुए महिला का पर्स चुरा लिया। दंपती ने चोर का पीछा किया, लेकिन वह कोच में ही अंदर से कहीं फरार हो गया। पर्स में दो मोबाइल और एक हजार रुपए की नगदी समेत अन्य दस्तावेज थे। जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



जीआरपी के अनुसार देवेन्द्र प्रसाद शर्मा (53) बजरंग नगर, संजय जलाशय रोड पीथमपुर, धार में रहते हैं। गत 6 नवंबर को कामख्या एक्सप्रेस से पत्नी सविता के साथ कोच नंबर 4 में सफर कर रहे थे। उनकी क्रमशः 13 और 17 नंबर की बर्थ थी। उनकी पत्नी 17 नंबर बर्थ में सो रही थी। पत्नी के पास पिंक रंग का लेडिज पर्स था और वह सिर के नीचे रखकर सो रही थी। भोपाल स्टेशन के पास चलती ट्रेन में किसी ने बैग उठा लिया। पत्नी को पर्स उठाने का आभास हुआ और उसने शोर मचाया। इसके बाद दंपती ने आरोपी का कोच में पीछा किया, लेकिन वह अंदर ही अंदर कहीं चला गया। पर्स में दो मोबाइल और एक हजार रुपए की नगदी समेत महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।

## इधर, मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से युवक का बैग चोरी

*इधर, भोपाल मुख्य रेलवे स्टेशन से युवक का किसी ने बैग चुरा लिया। बैग में कपड़े और नगदी समेत 15 हजार रुपए की नगदी थी। जीआरपी ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार सुचान सिंह (30) ग्राम सांतरा तहसील सुल्तानपुर, रायसेन का रहने वाला है। गत 31 अक्टूबर को वह भोपाल छिंदवाड़ा एक्सप्रेस में सामान्य कोच में सफर कर रहा था। रात 12 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर उतरा था। उसके पास बैग था। बैग में 15 हजार रुपए की नगदी और बर्तन रखे हुए थे। उसे भोपाल से सुल्तानपुर जाना था। रात ज्यादा होने के कारण वह स्टेशन पर ही आराम करने लगा। इसी बीच किसी अज्ञात बदमाश ने उसका बैग चुरा लिया।*

### शाहजहांनाबाद स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

# बेटी की शादी में गया था परिवार, घर आकर देखा तो चोरी हो चुका था सामान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**शाहजहांनाबाद स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। घटना के समय पूरा परिवार बेटी की शादी के कार्यक्रम में गया था। बाद में थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक परवेज खान (66) मंडी बोर्ड से रिटायर्ड हैं और सहारा परिसर, ईदगाह हिल्स में रहते हैं। बीती 31 अक्टूबर को उनकी बेटी की शादी थी। कार्यक्रम का आयोजन अचारपुरा में रखा गया था, जिसके कारण पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर अचारपुरा गया था। रात करीब डेढ़ बजे परिवार वाले घर लौटे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। बेडरूम में रखा अलमारियां भी खुली हुई थी। एक अलमारी का ताला तोड़ गया था, जबकि दूसरी अलमारी को पास रखी चाबी से खोला गया था। बदमाश घर से दो लिफाफों तथा डिब्बे में रखे नकद रुपए, व्यवहार में आए लिफाफे, चांदी की चैन, चांदी का ब्रेसलेट समेत करीब 60 हजार रुपए का सामान गायब था। शादी के अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण परवेज गुरुवार को थाने पहुंचे और घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।



फाइल फोटो

## मंत्रालय कर्मी के घर से लाखों की चोरी

टीटी नगर थानांतर्गत तुलसी नगर में रहने वाली मंत्रालय की महिला कर्मचारी के सूने मकान से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। वारदात के समय पूरा परिवार रायसेन चला गया था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक अभिमन्यु सिंह ठाकुर (35) गुर्जर भवन के सामने तुलसी नगर में रहते हैं। उनकी पत्नी स्वाति सिंह मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ हैं, इसलिए उन्हें शासकीय आवास आवंटित है। बीती 8 नवंबर की शाम करीब साढ़े चार बजे अभिमन्यु अपने परिवार के साथ रायसेन चले गए थे। अगले दिन सुबह उनके ड्रायवर ने फोन करके बताया कि मकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना के बाद पूरा परिवार घर लौटा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के ताले उखड़े थे और सामान बाहर पड़ा था। चेक करने पर अलमारी के लॉकर में रखा स्वाति का पुराना इस्तेमाली सामान 2 सोने की हाथ की चूड़ी, 2 सोने की चैन, एक मंगल सूत्र लॉकेट वाला, एक जोड़ी सोने के कान के टाप्स लटकन बाले व बच्ची की टाप्स एक जोड़ सोने की तथा 17 हजार रुपए नकदी समेत करीब 75 हजार रुपये का सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## शासकीय कर्मचारी के जेब से 20 हजार का मोबाइल चोरी



ऐशबाग इलाके में सफर के दौरान एक शासकीय कर्मचारी की जेब से 20 हजार रुपए का मोबाइल फोन चोरी हो गया। पुलिस के मुताबिक अशोका गार्डन में रहने वाले शुभम रघुवंशी मध्यप्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम में लेखापाल हैं। बीते 3 नवंबर को वह चुनाव प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। चेतक ब्रिज से वह लाल बस में सवार हुए थे। सुभाष नगर स्थित बस स्टाप पर उतरे तो पता चला कि उनकी जेब में रखा मोबाइल फोन गायब है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कार समेत चार दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

शहर में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पिछले चौबीस घंटो के दौरान एक कार समेत चार दोपहिया वाहन चोरी हो गए। पुलिस के मुताबिक दानिश कुंज कोलार रोड निवासी कृष्णसिंह भदौरिया की घर के सामने खड़ी सेंट्रो कार चोरी हो गई। इसी प्रकार बरखेड़ी जहांगीराबाद से अंकित शाक्य, हबीबगंज नाका पार्किंग गोविंदपुरा से रवि शर्मा और भवानी मंदिर के पास कोतवाली से भगवान सिंह बघेल की मोटर सायकिल चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पिपलानी में 42 हजार की अवैध शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिपलानी इलाके में दो शराब तस्करों को पकड़ कर उनके पास से करीब 42 हजार की अवैध शराब जब्त गई है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार देर रात एसओएस रोड पुराना शिवनगर के पास सुदीप कनर्जी को पकड़ा गया। इसके पहले हथाईखेड़ा आनंद नगर के पास विक्रांत उर्फ काली खरे को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों के पास से करीब 42 हजार की शराब जब्त हुई। इधर कमला नगर पुलिस ने कमलेश उर्फ चिंटू, गोविंदपुरा में नितेश, मिसरोद में भीमराव खरेही, पिपलानी में आसिफ, शाहजहांनाबाद में पुरानी अदालत के पीछे मुश्ताक खान को हजारों की अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। देहात में बिलखिरिया पुलिस ने शरद नायक, परवलिया में शैतान सिंह और आदर्श सिंह, सूखी सेवनिया में हेमंत तिवारी, बैरसिया में राजेश प्रजापति और रामबाबू अहिरवार तथा ईंटखेड़ी में विकास माली को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बल्लभ नगर में शुक्रवार शाम 17 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। प्रधान आरक्षक मुकेश ने बताया कि संध्या पाटिल पिता स्वर्गीय विकास पाटिल बल्लभ नगर, अरेरा हिल्स में रहती थी। वह नवमी कक्षा तक पड़ी थी और घर के कामकाज संभालती थी। शुक्रवार दोपहर उसने फांसी लगा ली। दोपहर में उसकी बहन अमृता ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि संध्या की मां घरों में काम करने जाती है। परिवार में संध्या की बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। परिवार में मां के अलावा संध्या का एक भाई और बहन है। परिजन के बयान न होने से आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है।

# पैसों की तंगी से परेशान युवक ने लगाई फांसी


### मामले की जांच कोलार पुलिस कर रही

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



पैसों की तंगी और उधारी बढ़ने की वजह से परेशान कोलार के एक युवक ने मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने परिजनों से बात करने का प्रयास किया तो पता चला कि युवक बीते कुछ दिनों से पैसों की तंगी के चलते परेशान रहता है। उसने अपनी बाइक भी गिरवी रख दी थी। पुलिस ने बताया कि मुकेश अहिरवार (18) पुत्र राम चरण अहिरवार गेहूंखेड़ा कोलार में रहता था और मजदूरी करता था। कर्ज चुकाने के उसने अपनी बाइक तक गिरवी रख दी। वह आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। वह कई बार खुदकुशी की बात भी कह चुका था। ।

## 26 चौराहा और तिराहा से गुजरा पुलिस का फ्लैग मार्च



**भोपाल।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से कराने के उद्देश्य से राजधानी पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर आज सुबह फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च सेंट्रल लायब्रेरी से शुरू हुआ और राजधानी के करीब दो दर्जन से अधिक चौक चौराहो और तिराहा से होते लाल परेड मैदान में समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च में बसें, जीप, वज्र वाहन, बाइक समेत डेढ़ सौ से अधिक वाहन रहे। वाहनों में अधिकारी और कर्मचारियों ने इलाके का भ्रमण किया।

## टक्कर से हुई किशोर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

14 वर्षीय विकास गौड रातीबढ़ में रहता था। इसी गांव में रहने वाले राजा गौड के साथ गांव से नीलबड़ जाने निकले थे। इस दौरान बीलखेड़ी तिराहा पर पहुंचे थे। तभी बाइक को वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई थी और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां शाम को विकास को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**मेट्रो एंकर** | **युवती के कारण हुआ विवाद**

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, कंधे व गाल पर किया वार, आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी इलाके में शुक्रवार रात दो दोस्तों के बीच विवाद हो गया। विवाद बड़ने पर एक दोस्त ने दूसरे पर छुरी से हमला कर दिया। छुरी गले के पास और कंधे में लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। उसका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया है।**



थाना प्रभारी अजय तिवारी ने बताया कि जगदीश अहिरवार पिता गया प्रसाद अहिरवार (24) शिव नगर करोंद में रहता है और प्राइवेट काम करता है। पूर्व में वह रविदास कालोनी बरखेड़ी में रहता था। इसी इलाके में रहने वाले कालू अहिरवार से दोस्ती थी। कालू अहिरवार का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा है। इसी युवती से जगदीश की भी बातचीत होतीड़थी। इस बात से कालू अहिरवार की जगदीश से अनबन होने लगी थी। जगदीश अहिरवार शुक्रवार रात रविदास कॉलोनी पहुंचा था। इस दौरान उसका कालू से आमना सामना हो गया। कालू ने उसे युवती से दूर रहने की हिदायत दी थी। युवती की बात को लेकर दोनों में विवाद बड़ गया। विवाद बड़ने पर आरोपी कालू अहिरवार ने जगदीश पर छुरी से हमला कर दिया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022